वर्ष 24, अंक 110, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज गुरूवार 30 अक्टूबर 2025

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## कोई सीट खाली नहीं... अमित शाह ने बता दिया कौन होगा NDA का CM



**बिहार**

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को स्पष्ट रूप से कहा कि राजनीति में कोई सीट खाली नहीं होती। बिहार में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि सीएम या पीएम के लिए कोई सीट खाली नहीं है। इधर नीतीश कुमार हैं, उधर पीएम मोदी हैं। शाह का यह बयान विपक्षी खेमे में नेतृत्व की महत्वाकांक्षाओं को लेकर चल रही अटकलों के बीच आया है। नीतीश कुमार के बिहार के मुख्यमंत्री बने रहने और नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बने रहने पर जोर देकर शाह ने राज्य में किसी भी राजनीतिक बदलाव या नए सत्ता समीकरण की अफवाहों पर विराम लगाने की कोशिश की। अपने भाषण के दौरान, शाह ने बिहार की छवि निखारने और पूर्व मुख्यमंत्री कपूरी ठाकुर को भारत रत्न प्रदान करके राज्य की विरासत का सम्मान करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह कदम भारत के लोकतांत्रिक और सामाजिक विकास में बिहार के योगदान के प्रति केंद्र के सम्मान को दशार्ता है।

केंद्र के कड़े फैसलों की सराहना करते हुए, अमित शाह ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद, प्रधानमंत्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया और इस बात पर भी जोर दिया कि सरकार ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर प्रतिबंध लगा दिया है और उसके सदस्यों को हिरासत में ले लिया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने बिहार की जनता से आगामी विधानसभा चुनावों में एनडीए की निर्णायक जीत सुनिश्चित करने का आग्रह किया। शाह ने कहा, "पहले चरण का मतदान 6 नवंबर को है। क्या आप सभी हमें वोट देंगे? आइए, दरभंगा की सभी 10 सीटों पर एनडीए को जिताने का संकल्प लें। मिथिला की बेटी मैथिली ठाकुर यहाँ से चुनाव लड़ रही हैं और मैं लालू यादव की पार्टी को बताना चाहता हूँ कि मैथिली ठाकुर ही जीतेंगी।

राम मंदिर निर्माण का ज़िक्र करते हुए शाह ने कहा वर्षों तक भगवान राम एक तंबू में रहे। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने कभी मंदिर नहीं बनने दिया। लेकिन जब प्रधानमंत्री मोदी सत्ता में आए, तो उन्होंने अपना वादा पूरा किया। अब हमें मिथिला में देवी सीता का मंदिर बनाना चाहिए और राम सर्किट के जरिए उन सभी जगहों को जोड़ना चाहिए जहाँ वे गई थीं। बाद में, शांतिपुर में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि बिहार को नीतीश कुमार और चिराग पासवान के नेतृत्व के साथ-साथ प्रधानमंत्री मोदी का आशीर्वाद प्राप्त है।

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में पकड़े जाने का किया गया था दावा, उस महिला पायलट को राफेल में लेकर उड़ी राष्ट्रपति मुर्मू

**हरियाणा**

**राष्ट्रपति** द्रोपदी मुर्मू ने आज सुबह हरियाणा के अंबाला एयरफोर्स स्टेशन से राफल फाइटर जेट में उड़ान भरकर इतिहास रच दिया। इस दौरान एयर चीफ मार्शल एपी सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। यह उड़ान ना केवल उनकी साहसिक नेतृत्व शैली का प्रतीक बल्कि भारत की बढ़ती रक्षा क्षमता और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी दुनिया के सामने प्रदर्शित करती है। इससे पहले 8 अप्रैल 2023 को राष्ट्रपति मुर्मू ने असम के तेजपुर एयरफोर्स स्टेशन से सुखोई 30 एमकेआई फाइटर विमान में उड़ान भरी थी। इसके साथ ही वह फाइटर जेट में उड़ान भरने वाली तीसरी राष्ट्रपति और दूसरी महिला राष्ट्रपति बनी। उनसे पहले पूर्व राष्ट्रपति



एपीजे अब्दुल कलाम और प्रतिभा पाटिल ने भी सुखोई 30 एमकेआई फाइटर विमान में उड़ाने भरी थी। लेकिन अब राफेल फाइटर जेट में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने उड़ान भरकर इतिहास रच दिया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह के साथ नजर आई जिनके बारे में पाकिस्तानी प्रभावकों और मीडिया ने दावा किया था कि उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने पकड़ लिया था। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पाकिस्तान स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह को लेकर लगातार झूठा प्रोपेगैंडा फैला रहा था। आपको बता दें कि फ्रेंच एयरफोर्स कंपनी डिसॉल्ट एिएशन द्वारा बनाए गए राफेल फाइटर एयरक्राफ्ट को सितंबर 2020 में अंबाला एयरफोर्स स्टेशन पर इंडियन एयरफोर्स में औपचारिक रूप से शामिल किया गया था। पहले पांच राफेल एयरक्राफ्ट जो 27 जुलाई 2020 को फ्रांस से आए थे उन्हें 17 स्क्वाडन गोल्डन एरो में शामिल किया गया था।

राफेल फाइटर जेट में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू की यह उड़ान इसलिए भी बड़ी है क्योंकि बीते कुछ वक्त में इस विमान ने कई बड़े कारनामे किए हैं। राफेल जेट्स का इस्तेमाल ऑपरेशन सिंदूर में भी किया गया था।

## आने वाले महीनों में इंडिया पोस्ट में दिखेंगे कई बड़े परिवर्तनः सिंधिया

**नई दिल्ली। केंद्रीय** संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज नई दिल्ली में डाक विभाग की तिमाही व्यवसाय समीक्षा बैठक 2025झ26 की अध्यक्षता की। चार घंटे चली इस बैठक में देशभर के 23 डाक परिमंडलों के अधिकारी शामिल रहे। यह वर्ष की दूसरी समीक्षा बैठक थी, पहली बैठक 15 जुलाई 2025 को हुई थी, जिसने संगठन में प्रदर्शन-



आधारित और नवाचार-प्रधान कार्य संस्कृति की दिशा तय की थी। बैठक के दौरान विभाग के छह प्रमुख क्षेत्रों में जुलाई से सितंबर 2025 तक की प्रगति, उपलब्धियों और चुनौतियों की समीक्षा की गई।

सिंधिया ने विभाग के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि दूसरी तिमाही में विभाग ने 80% राजस्व लक्ष्य हासिल किया है यानी ?4,184 करोड़ के लक्ष्य में ?3,325 करोड़ का राजस्व दर्ज किया गया है। इसी तरह, अर्धवार्षिक लक्ष्य ?8,772 करोड़ में से ?6,633 करोड़ की उपलब्धि दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय सुधार है।

## छठ पर टिप्पणीः धर्मेंद्र प्रधान बोले- राहुल गांधी ने किया सनातन का अपमान, सार्वजनिक माफी मांगें



**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** मोदी पर राहुल गांधी की टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताते हुए, केंद्रीय मंत्री और बिहार चुनाव के लिए भाजपा के प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को कहा कि राहुल की टिप्पणी सार्वजनिक संवाद में शिष्टाचार के बुनियादी मानदंडों के विरुद्ध है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर की गई इस बेतुकी टिप्पणी के लिए कांग्रेस नेता से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की भी मांग की। प्रधान ने कहा कि राहुल गांधी को छठ के महापर्व और प्रधानमंत्री मोदी के बारे में इस अपमानजनक और बेहद शर्मनाक बयान के लिए बिहार और देश की जनता से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए, जो मयार्दा की सभी सीमाओं को लांघता है।

राहुल का बयान सनातन संस्कृति के प्रति उनकी घृणा को दशार्ता है प्रधान ने आगे कहा कि राहुल गांधी का बयान सनातन संस्कृति के प्रति उनकी घृणा को दशार्ता है, साथ ही माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति कांग्रेस की गहरी नाराजगी और हताशा को भी उजागर करता है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अपनी सामंती मानसिकता, राजनीतिक हताशा और हार के डर से प्रेरित होकर ये बयान दिए हैं। यह वही मानसिकता है जिसने पहले प्रधानमंत्री जी और उनकी पूज्य माता जी के खिलाफ अपमानजनक बयान दिए हैं।

## आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट से मिली अंतरिम जमानत, 6 महीने के लिए चिकित्सा आधार पर रिहा

**राजस्थान**

**बलात्कार** के दोषी स्वयंभू धर्मगुरु आसाराम को बुधवार को राजस्थान उच्च न्यायालय ने चिकित्सा आधार पर छह महीने की अंतरिम जमानत दे दी। आसाराम ने चिकित्सा उपचार का हवाला देते हुए जमानत मांगी थी। आसाराम बलात्कार के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है और जोधपुर सेंट्रल जेल में बंद है। यौन उत्पीड़न के एक मामले में आजीवन कारावास



की सजा काट रहे आसाराम ने चिकित्सा उपचार के लिए उच्च न्यायालय में नियमित जमानत याचिका दायर की थी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। वर्तमान में, आसाराम का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। नियमित जमानत के लिए आवेदन उनकी वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति का हवाला देते हुए किया गया था।

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बड़ी संख्या में आतंकवादियों को मार गिराया गयाः राजनाथ सिंह

**दरभंगा**

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने बुधवार को दावा किया कि भारत-पाकिस्तान सीमा पार चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में ह्लअच्छी-खासी संख्याह्व में पाकिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया गया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई उस समय की गई जब पहलगाम में निर्दोष नागरिकों की हत्या से पूरे देश में आक्रोश था।

दरभंगा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, ह्लहम पड़ोसी पाकिस्तानी को सबक



सिखा चुके हैं क्योंकि उन्होंने हमारे नागरिकों को मारा था।ह्व सिंह ने कहा कि आतंकवादियों ने कश्मीर के पर्यटन स्थल में धर्म पूछने के बाद निर्दोष नागरिकों की हत्या की थी।

इस पूरे घटनाक्रम को लेकर रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि भारत ने संयम दिखाया। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत ह्लजात-धर्म आधारित राजनीतिह्व में नहीं विश्वास करता। उन्होंने कहा कि भारत की राजनीति न्याय और मानवता पर आधारित है। सिंह ने कहा कि भारत पूरे विश्व को एक परिवार मानता है और वसुधैव कुटुम्बकम के मंत्र में विश्वास करता है। उन्होंने कहा, हमारे ऋषियों ने कभी नफरत नहीं सिखाई।

## म्यांमार से थाईलैंड पहुंचे सैकड़ों भारतीय हिरासत में

### सुरक्षित वापसी के लिए भारत सक्रिय

**नई दिल्ली**

विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की है कि हाल के दिनों में म्यांमार से थाईलैंड में प्रवेश करने वाले कई भारतीय नागरिकों को थाई अधिकारियों ने हिरासत में लिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि थाईलैंड स्थित भारतीय मिशन स्थानीय अधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से समन्वय कर रहा है ताकि हिरासत में लिए गए लोगों की पहचान की जा सके और आवश्यक प्रक्रियाएँ पूरी होने के बाद उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की जा सके। जायसवाल के अनुसार, हिरासत में लिए गए व्यक्तियों की राष्ट्रीयता की पुष्टि की जा रही है ताकि यह पुष्टि हो सके कि वे वास्तव में भारतीय नागरिक हैं। इस प्रक्रिया में बैंकॉक स्थित भारतीय दूतावास और संबंधित थाई एजेंसियों के बीच सहयोग शामिल है। जयसवाल ने कहा कि थाईलैंड में हमारा मिशन थाई अधिकारियों के साथ मिलकर उनकी राष्ट्रीयता की पुष्टि कर रहा है और थाईलैंड में आवश्यक कानूनी



औपचारिकताएँ पूरी होने के बाद उन्हें स्वदेश वापस भेज रहा है।

हालाँकि विदेश मंत्रालय ने उन परिस्थितियों के बारे में और जानकारी नहीं दी है जिनके तहत ये लोग थाईलैंड में दाखिल हुए, लेकिन सूत्रों का कहना है कि वे म्यांमार के संघर्ष क्षेत्रों से भागकर आए होंगे, जिसकी सीमा भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के साथ एक छिद्रपूर्ण और अस्थिर सीमा साझा करती है। म्यांमार के सैन्य शासन और जातीय सशस्त्र समूहों के बीच बढ़ती हिंसा के कारण हाल के महीनों में हजारों लोग सीमा पार कर चुके हैं।

पिछले कुछ दिनों में लोग म्यांमार से थाईलैंड क्यों पहुँचे?

म्यांमार के सीमावर्ती शहर म्यावाड्डी के पास केके पार्क नामक सबसे बड़े ऑनलाइन धोखाधड़ी केंद्रों में से एक पर सैन्य छापे के बाद, पिछले कुछ दिनों में सैकड़ों लोग, जिनमें भारतीय नागरिक भी शामिल हैं।

## बीजापुर में 51 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण, 20 पर कुल 66 लाख रुपये का इनाम

**बीजापुर**

**वामपंथी** उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई में एक बड़ी सफलता के रूप में छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों के सामने 51 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया, जिनमें 20 नक्सलियों पर कुल 66 लाख रुपये का इनाम घोषित था। अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण, जिसमें नौ महिला नक्सली भी शामिल थीं, राज्य सरकार द्वारा जारी शांति और पुनर्वास प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव के



अनुसार, माओवादी सरकार की पुनर्वास नीति और क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों से प्रेरित थे। यादव ने कहा कि हिंसा का रास्ता छोड़ने का उनका फैसला राज्य सरकार के शांति, संवाद और विकास के माध्यम से नक्सलवाद के उन्मूलन के चल रहे अभियान में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

प्रमुख माओवादी इकाइयों के सदस्य

आत्मसमर्पण करने वालों में पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) बटालियन संख्या 01 और कंपनी संख्या 01, 02 और 05 के पाँच सदस्य शामिल थे। एसपी ने बताया कि इस समूह में क्षेत्रीय समितियों और प्लाटून के सात सदस्य, स्थानीय संगठन दस्ते (एलओएस) के तीन सदस्य, एक मिलिशिया प्लाटून कमांडर, 14 मिलिशिया प्लाटून सदस्य और 20 निचले स्तर के कार्यकर्ता भी शामिल थे।

## शहाबुद्दीन के परिवार को टिकट देकर RJD ने दिया अपराधियों को बढ़ावा

### बिहार में नहीं चलेगा 'माफिया राज', योगी आदित्यनाथ विपक्ष पर गरजे

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि बिहार में ह्लडबल इंजन की सरकारह्व अराजकता फैलाने वालों को कतई बर्दाशत नहीं करने की नीति पर काम कर रही है और राजग में शामिल दल राज्य में ह्वजंगल राजह्ल की वापसी के किसी भी प्रयास को नाकाम कर देंगे। भाजपा नेता आदित्यनाथ ने लोगों से सर्वांगीण विकास के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि बिहार के लोगों को ह्लराजद और कांग्रेस जैसी उन ताकतों की जरूरत नहीं है जो अपराधियों को गले लगाती हैं।ह्व

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को सीवान ज़िले की रघुनाथपुर विधानसभा सीट से मोहम्मद शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब को मैदान में उतारने पर महागठबंधन की आलोचना की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति है, जबकि आरजेडी ने एक ऐसे उम्मीदवार को मैदान में उतारा है जिसका परिवार आपराधिक पृष्ठभूमि का है। सीवान में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, "इस सीट से आरजेडी उम्मीदवार देश और दुनिया भर में अपने परिवार की आपराधिक पृष्ठभूमि के लिए जाना जाता है... उत्तर प्रदेश में अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस है।"

आरजेडी ने राम मंदिर निर्माण का विरोध किया, सीएम योगी का आरोप

उत्तर प्रदेश के सीएम ने बिहार में राम मंदिर



रथ यात्रा रोकने के लिए भी आरजेडी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि आरजेडी सीतामढ़ी में सीता मंदिर के निर्माण के भी खिलाफ है। उन्होंने कहा, "आज आप देख रहे होंगे कि राजद और उसके सदस्य अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर भगवान राम के मंदिर का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने रथ यात्रा का विरोध किया। वे माँ जानकी के भव्य मंदिर के निर्माण और सीतामढ़ी व आसपास के इलाकों में कॉरिडोर के विकास का भी विरोध कर रहे हैं।"

सीएम योगी ने कहा, 2005 से पहले के दौर में अपराधी फलते-फूलते थे

सीएम योगी ने कहा कि 2005 से पहले बिहार में केवल अपराधी ही फलते-फूलते थे और महागठबंधन के सहयोगी उस दौर को वापस लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, "2005 से पहले नारा 'सबका साथ, लेकिन परिवार का विकास' का होता था... अब वे बिहार में माफिया राज बढ़ाना चाहते हैं... केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि मार्च 2026 तक भारत नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा।

## वोट के लिए नाच भी सकते हैं मोदी

**बिहार**

**बिहार** विधानसभा चुनाव अभियान की धमाकेदार शुरूआत करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। मुजफ्फरपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी वोट के लिए 'कुछ भी' कर सकते हैं, यहां तक कि मंच पर नाच भी सकते हैं।

राहुल गांधी ने की पीएम की आलोचना

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी की आलोचना करते हुए कहा, 'अगर आप नरेंद्र मोदी से कहेंगे कि वोट के लिए नाचो, तो वे मंच पर नाचेंगे।' उन्होंने प्रधानमंत्री पर छठ पूजा और यमुना से जुड़े धार्मिक आयोजनों का इस्तेमाल केवल वोट बटोरने के लिए करने का आरोप लगाया।

राहुल गांधी ने दावा किया कि पीएम मोदी और उनकी पार्टी चुनाव चुराने में लगे हैं। उन्होंने कहा, 'उन्होंने महाराष्ट्र में चुनाव चुराया, उन्होंने हरियाणा में चुनाव चुराया, और वे बिहार में भी पूरी कोशिश करेंगे।' राहुल ने कहा कि पीएम मोदी को केवल 'आपका वोट चाहिए' और उनका धर्म या संस्कृति से कोई लेना-देना नहीं है। मोदी जी वोट के लिए स्टेज पर आकर डांस भी कर लेंगे। आप जो कहेंगे, वो करेंगे... लेकिन चुनाव से पहले।

चुनाव के बाद मोदी जी अंबानी की शादी में दिखाई देंगे, सूट-बूट वालों के साथ दिखाई देंगे।

किसानों और मजदूरों के साथ नहीं दिखाई देंगे।

## बूंदाबांदी के बाद धान की कटाई में तेजी, किसान अन्न को लेकर चिंतित

अखंड भारत संदेश

**मांडा।** पल पल बदलते मौसम, बादल और बूंदाबांदी को देखते हुए किसानों ने धान की कटाई तेजी से शुरू कर दी है। बादल को देखते हुए किसानों में बरसात व तेज हवा का भय बना हुआ है। पिछले तीन दिनों से आकाश में बादल को देखते हुए किसानों ने धान की कटाई में तेजी ला दी है। सोमवार को बूंदाबांदी और दिन भर बादल छाये रहने से किसानों में काफी चिंता व्याप्त है।

मांडा क्षेत्र के गिरधरपुर व दक्षिणी पहाड़ी भाग के उपरौध क्षेत्र के बदौआ, दोहथा, पियरी, सोनबरसा, मझिगवां, पूरा पांडेयं, परोहनी, परसीधी, कुरहरा, कुशलपुर, ऊंचडीह उपरौध, मेंहा जागीर, हाटा, दसवार, शिवराजपुर, शुकुलपुर, बनवारी खास आदि गांवों में धान की कटाई तेजी से चल रही है।



**खेती के काम में जुटे किसान**

कटाई और थ्रेसरिंग चरम पर है। इन गांवों के किसानों का कहना है कि पिछले तीन साल से जब धान की फसल खेतों में पककर तैयार हो जाती थी, उसी समय तेज हवा और बरसात से पकी पकाई धान की खेती खेतों में धराशायी होकर सिमट जाती रही है। इस बार भी पिछले तीन दिनों से बदलता मौसम और आकाश में बादल देखकर बरसात और तेज हवा के भय से धान की कटाई में तेजी कर दी गई है। उपरौध क्षेत्र के अलावा सिकरा, भवानीपुर तिसेनतुलापुर, उल्दा, भींस महुआंवकला, राजापुर, चकडीहा धरांवनारा, धरांवगजपति, आहोपुर सैबसा, आंधी आदि गांवों में भी बरसान से बची धान की खेती जल्दी से जल्द कटाई के चक्कर में किसान पड़े हुए है

### मानस पार्क में प्रारंभ होने जा रहा मानस शिखर सम्मेलन

**नैनी।** नैनी श्रमिक बस्ती मानस पार्क में 30 अक्टूबर से प्रारंभ होने जा रहे मानस शिखर सम्मेलन के संदर्भ में मानस शिखर सम्मेलन समिति के व्यवस्थापक मंडल की एक बैठक बुधवार को मानस पार्क में आयोजित की गई जिसमें सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा की गई। सभी ने अपनी कार्य स्थिति से अवगत कराया। मानस शिखर सम्मेलन का यह 58 वां गौरवपूर्ण वर्ष है जिसमें राष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त विद्वान सम्मिलित हो रहे हैं। देवरिया से पंड्ढ अखिलेश मणि सांडिल्य, चौरी चौरा, गोरखपुर से पंड्ढ हेमंत तिवारी, ग्वालियर से भक्तिमति राधा शर्मा, प्रयागराज से पंड्ढ विनोद कुमार मालवीय एवं पंड्ढ अंजनी शरण सावर्णी श्री रामचरितमानस के विभिन्न अंगों पर प्रकाश डालेंगे। कार्यक्रम का समय सायंकाल 04 बजे से रात 09 बजे तक होगा। कार्यक्रम की पूर्णाहुति 03 नवंबर को होगी। बैठक में प्रमुख रूप से अजय श्रीवास्तव, रविंद्र गुप्ता, कन्हैया मिश्रा, गवर्नर सिंह मनीष सिंह, गुड्डू राय, सुमित मिश्रा, सत्यम मिश्रा, राज कुमार, आर वाई चौहान, सुनील पाण्डेय आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी आर के शुक्ला ने दी।

## चोरों ने महिला से मारपीट कर नकदी समेत आभूषण किया पार



**करछना।** मंगलवार की रात चोरों ने एक सुनसान मकान को अपना निशाना बनया और घर के अंदर घुस गये। कमरे में महिला के साथ सो रहे बच्चे के गले पर धारदार हथियार रख कर बक्से में रखा नकदी और आभूषण उठा ले गये। घटना के बाद परिजन ने पुलिस को सुचना दिया मौके पर पुलिस पहुंच कर छान बिन करना शुरू कर दिया। घटना मंगलवार रात करीब 12 बजे की है। श्याम लाल मिश्रा निवासी गिधौरा ने पुलिस को लिखित तहरीर में बताया कि मैं घर में सो रहा था और मेरी बहू और नाती दूसरे मकान में सो रहे थे। रात करीब 12 बाजे दो अज्ञात चोर दीवार फांद कर घर के अंदर घुस गये। कमरे में सो रही बहू के दरवाजे पर तेजी से ठोकर मारा जिससे दरवाजा खुल गया। अज्ञात चोरो ने पहले महिला के साथ मारपीट किया और बच्चे के गर्दन पर चाकू रख कर बक्सा की चाभी मांगा महिला ने चाभी देने से इनकार किया तो महिला के साथ दोबारा मारपीट कर आलमारी खोल कर बक्से का ताला खोला तथा बक्से में रखा सफेद व पीले धातु के आभूषण समेत नकदी निकाल कर महिला के साथ बच्चे को कमरे में बंद करके बाहर से कुंडी लगा कर भाग निकले। शोर शराबा सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे तो चोर पीछे के रास्ते से भाग चुके थे। परिजन ने दरवाजा खोल कर महिला और बच्चे को बाहर निकाल और पुलिस को सुचना दिया। पुलिस मौके पर पहुंच कर जाँच पड़ताल की। परिजन के लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस चोरों का पता लगाने में जुटी है।

# न्यूज झरोखा

### विधायक खेल प्रतियोगिता का आयोजन 7 नंबर को मालवीय कालेज करछना में

**करछना।** संगम सभागार में आयोजित खेल कार्यकारिणी समिति को बैठक में दिए गए निर्देश पर जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल के क्रम में विधानसभा करछना क्षेत्र की करछना विधायक खेल प्रतियोगिता 7 नंबर को प्रातः 9 बजे से मदन मोहन मालवीय इंटर कालेज करछना में आयोजित किया गया है। जिसमें आठ खेल विधाओं एथलेटिक्स, वालीबाल, भारोत्तोलन, कबड्डी, एवं बैडमिंटन में सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर आयु वर्ग में बालक एवं बालिका श्रेणी में प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएगी। 8 नंबर को भारोत्तोलन, बैडमिंटन की प्रतियोगिता विकास खंड चाका के धनुहा स्टेडियम में आयोजित की जायेगी। तथा खिलाडियों को उक्त प्रतियोगिता में अपना आधार कार्ड की फोटो छाया के साथ प्रतिभाग करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उक्त आशय की जानकारी बीओ संतोष सिंह जिला युवा कल्याण अधिकारी ने दी।

### मांडा पूर्व ब्लॉक प्रमुख के पिता का निधन, जनप्रतिनिधियों का श्रद्धांजलि के लिए तांता



**मांडा।** प्रयागराज की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्षा रेखा सिंह और पूर्व ब्लॉक प्रमुख मांडा अशोक सिंह के पिता शिव बहादुर सिंह का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार बादपुर मांडा स्थित बाबा बूढ़ेनाथ मंदिर गंगा घाट पर संपन्न हुआ। उनके निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए कई जनप्रतिनिधि उनके बादपुर मांडा स्थित आवास पर पहुंचे। इनमें वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष बीके सिंह, मेजा विधायक संदीप पटेल, सांसद उज्जवल रमण सिंह,कोराव विधायक राजमणि कोल, पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह, करछना विधायक पियूष रंजन निषाद,जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ब्लॉक प्रमुख और प्रशासनिक अधिकारी आए दिन गांव में वाहनों का आवागमन बना रहा। शिव बहादुर सिंह लगभग (80) वर्ष के थे और पेशे से अधिवक्ता थे। उनके तीन पुत्र हैं: संतोष सिंह अधिवक्ता, अशोक सिंह पूर्व ब्लॉक प्रमुख मांडा और संजय सिंह। उनकी बहुओं में पूर्व ग्राम प्रधान बादपुर सरोज सिंह, प्रयागराज की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्षा रेखा सिंह और पूर्व ब्लॉक प्रमुख मांडा आरती सिंह शामिल हैं।

### एसीपी मेजा करछना ने गुंडा अधिनियम में अपराधी को भेजा जेल

**कोरांव।** कोरांव थाना क्षेत्र के ग्राम सभा अल्हवा निवासी पवन कुमार पाल पुत्र लाल बहादुर पाल पूर्व कोटेदार को कोरांव पुलिस ने सक्रिय आपराधिक गतिविधियों के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश गुंडा अधिनियम 1970 के तहत संबंधित सहायक पुलिस आयुक्त करछना की कोर्ट में गिरफ्तार कर चलान कर दिया जहां एसीपी कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में नैनी जेल भेज दिया। उक्त अभियुक्त पर लोक सेवकों को धमकाने,सरकारी जमीन को कब्जा करने,सरकारी भूमि की सुपुर्दगी फसल को चोरी से कट कर उठा ले जाने,एक बिरहा गांव की दलित महिला का अश्लील पूर्वक,छेड़खानी करने में दर्ज एस सी एसटी के केस,एक जीवित महिला की मृतक दिखवा कर उसकी संपत्ति अपने मित्र के नाम लेखपाल से दर्ज कराने में दर्ज धोखाधड़ी के मुकदमें दर्ज हैं। या कहीं वकील बनकर तो कहीं फर्जी पत्रकार बनकर क्षेत्र में सायबर अपराध सहित कई अपराध कर अवैध धन उगाही भी करता रहा है। कोरांव पुलिस ने अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत उसकी गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि और शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए इंस्पेक्टर कोरांव ने जेल भेजवा दिया। और संबंधित सहायक पुलिस आयुक्त कोर्ट ने जमानत के बजाय जेल भेज दिया। जिसकी सुनवाई 1नवंबर 2025 को संभवतः होगी। इसी तरह अभियान के तहत और भी अपराधियों पर अंकुशात्मक कार्यवाही की जा रही है।

### असवां की रामलीला में सीताहरण, लंका पर चढ़ाई



**जंघई।** आदर्श रामलीला एवं राघव सेवा ट्रस्ट असवां तिवरान की रामलीला मंचन में दशरथ-कैकेयी संवाद, श्रीराम वनगमन, केवट प्रसंग लीलाओं का संगीतमय मंचन किया गया।महाराज दशरथ मंत्री परिषद से विचार-विमर्श करके श्रीराम को अयोध्या का राजा बनाने की घोषणा करते हैं, जिसे सुनकर अयोध्या वासियों में खुशी की लहर दौड़ जाती है सभी श्रीराम के राजतिलक की तैयारियों में लग जाते हैं। श्रीराम के राजतिलक का समाचार सुनते ही दासी मंथरा महारानी कैकेई को भड़काती है और भरत को राजगद्दी पर बैठाने के लिए उकसाती है। महारानी कैकेई उसकी बातों में आकर, कोप भवन में चली जाती हैं, जहां वह महाराज दशरथ से दिए हुए दो वचन मांगती है, पहला भरत को राजगद्दी और दूसरे वचन में श्रीराम को 14 वर्षों का वनवास। जब श्रीराम को पता चलता है तो अपने पिता के वचनों की लाज रखने के लिए खुशी-खुशी 14 वर्षों के लिए वन में जाने के लिए सहर्ष तैयार हो जाते हैं पुत्र वियोग में दशरथ प्राण त्याग देते हैं रामलीला का मंचन केवट संवाद, सीता हरण, शूर्पणखा की नाक कटैया तक हुआ। इस अवसर पर राम शिवम तिवारी, लक्ष्मण हरिओम पांडेय, रावण सत्येंद्र कुमार तिवारी, बाणासुर बाबा पांडेय, दशरथ चंद्रमणि तिवारी, परशुराम सच्चिदानंद, जनक परमानंद, वशिष्ठ तारकनाथ पांडेय, विश्वामित्र जयमूर्ति तिवारी, कैकेई धीरज पांडेय, मंथरा राहुल पांडेय, सीता नितिन तिवारी एवं सूरज कुमार तिवारी, राहुल कुमार तिवारी, प्यारे मोहन मिश्रा, सुभाष चंद्र मिश्र मीडिया प्रभारी, विकास तिवारी, सुमंत सूरज पांडेय, विकास पांडेय सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव राजनाथ यादव, अन्ना सिंह, डॉ विकास पाल को राघव रत्न देकर सम्मानित किया गया।

## करछना तहसील मुख्यालय दशहरा मेले का रगारंग समापन

### विधायक ने कि भगवान राम की आरती

अखंड भारत संदेश

**करछना।** स्थानीय करछना गांव का भव्य व आकर्षक दशहरा मेला धूमधाम से मंगलवार को सपन्न हुआ। मेले में खूब भीड़ रही और देरात तक काफी चहल-पहल बनी रही। व्यवस्थापकों की ओर से रोशनियों से मेले को आकर्षक ढंग से सजाया गया था । वहीं स्थानीय समेत दूर -दराज की रंग बिरंगी दुकानें सजी रही । लोगों ने मेले में जमकर खरीदारी की।बच्चों ने मेले का जमकर खूब लुत्फ उठाया। मेले मे पहुंचे बच्चों ने खेल - खिलौने व गुब्बारे खरीदे और झूले का लुत्फ उठाया। मिठाई की दुकानों पर जलेबी की खूब बिक्री हुई। वही लोग गुड की जलेबी को खूब खरीदारी की।वही कलाकारों की ओर से राम लक्ष्मण सीता हनुमान के साथ मंच पर भरत मिलाप देख लोग भावुक हो उठे।लोग देर रात्रि तक साउण्ड कम्पटीशन का भरपूर आनंद उठाते रहे।दशहरा मेला मंच



पर पहुचे विधायक पीयूष रंजन निषाद ने कहा कि करछना की ऐतिहासिक रामलीला मंचन के उपरान्त आयोजित दशहरा मेला क्षेत्र के लोगो के लिए हमेशा आकर्षण का केन्द्र रहा है यहां दूर दराज से लोगो रामलीला मंचन और दशहरा मेला देखने पहुचते है यह परम्परा अनवरत चलती रहनी चाहिए और भगवान राम के आदर्शो पर चलने की जरूरत है।वर्तमान समय मे राम चरित्र हम सबके लिए आदर्श है जिससे प्रेरणा लेने की जरूरत है।मेले मे आकर्षक सजावट से लोगो के लिए आकर्षण का केन्द्र बना रहा है, उन्होंने राम, लक्ष्मण सहित चारो भाइयों की आरती उतारते हुए आयोजन समिति को धन्यवाद दिया साथ ही उन्होने कलाकारो को सम्मानित भी किया। कमेटी के लोगो ने विधायक का स्वागत अभिनंदन किया।उधर थाना प्रभारी अनूप सरोज ने शांति व्यवस्था के लिए पुलिस बल के साथ भ्रमण करते रहे। इस मौके पर सुबोध सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख विजय राज सिंह, सुजीत सिंह, अरविंद सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी, प्रधान संख्या अध्यक्ष अवतार किशन सिंह दादू, डा.केपी सिंह, सुरेश सिंह, बार एसोसिएशन करछना के अध्यक्ष संजय पांडे महामंत्री शिवेंद्र सिंह प्रिंस, डीआर सिंह, लाल बहादुर सिंह, विनोद सिंह काका, सुनील द्विवेदी, बीनू सिंह, विनय द्विवेदी, रिंकू सिंह, आनंद सिंह, राजू सिंह, विपिन सिंह अजीत द्विवेदी, सहित कमेटी के पदाधिकारी क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा, प्रबंधक ने की प्रशंसा

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** छत्रपति शिवाजी ऋषिकुल सहसों में बुधवार को आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा अपनी रचनात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुए देश, समाज व क्षेत्र के विकास में स्मार्ट सिटी, पर्यावरण संरक्षण, ऑर्गेनिक खेती, सोलर एनर्जी, जल संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण आदि पर आधारित मॉडलों को बखूबी तैयार कर विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभाग करते हुए प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक एवं जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न प्रकार के विज्ञान मॉडल को देखा और उसका अवलोकन किया। उन्होंने विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों की प्रतिभा, रचनात्मकता और नवाचार को देखकर प्रसन्नता जाहिर कर सभी प्रतिभावान प्रतिभागी बच्चों, प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों को हार्दिक



बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा कि अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुए बच्चों ने विज्ञान के सिद्धांतों को जीवन से जोड़ते हुए अद्भुत मॉडल को प्रस्तुत किया और उनकी यह मेहनत, कल्पना शक्ति और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से बहुत ही प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा ऐसे ही प्रतिभावान व कर्मठ विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और लगन से सफल वैज्ञानिक के रूप में तरह-तरह के टेक्नोलॉजी की खोज, नए-नए आविष्कार कर क्षेत्र, समाज के साथ चंद्रमा तक पहुंचकर देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। आज पूरी दुनिया में विकसित भारत का डंका बज रहा है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्या अनुराधा वर्मा, डॉ के के सिंह, चंद्रशेखर सिंह सहित समस्त शिक्षक एवं बच्चे मौजूद रहे।

## किशोरी को अपहरण कर ले गया युवक मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** किशोरी को अपने प्रेम जाल में फंसाकर एक युवक अपहरण कर ले गया। किशोरी की माता ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। मऊआइमा नगर पंचायत के एक मोहल्ला की निवासनीय एक किशोरी का एक युवक से काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया गया है कि दोनों के बीच बातें होती थीं।जिसको लेकर कई बार मना किया गया था। किशोरी की माता का आरोप है कि रविवार को उसकी 17 वर्षीय किशोरी सामान खरीदने गयी थी।जिसे युवक बहला फुसलाकर कर अपहरण कर ले गया। बहुत तलाशने के बाद भी जब किशोरी नहीं मिली तो बुधवार को किशोरी की माता ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर अन्सार गर्ल्स स्कूल निवासी सैफ अंसारी पुत्र अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। प मुकदमा दर्ज कर पुलिस दोनों की तलाश में जुट गई है।

## बिनु सतसंग विवेक ना होई,राम कृपा बिनु सुलभ ना सोई : विनोदानन्द जी





**करछना।** श्री राम जी की परम कृपा से ही सत्संग सुलभ होता है।सत्संग से ही मनुष्य के कई मानसिक विकार नष्ट होते हैं और विवेक की जागृति होती है।इसलिए सत्संग बहुत ही जरूरी है। क्षेत्र के रामपुर स्थित बृज मंगल सिंह इंटर कॉलेज में चल रहे 27 वें जमुना पार महोत्सव के तीसरे दिन,दूसरे सत्र में राम कथा का रसपान कराते हुए यह बातें प्रयाग से पधारे कथा व्यास स्वामी विनोदानन्द जी महाराज ने भक्त, श्रद्धालुओं के बीच कही। स्वामी जी ने बिनु सत्संग विवेक ना होई,राम कृपा बिनु सुलभ न सोई,जैसी मानस की चौपाई की बहुत ही मार्मिक ढंग से व्याख्या करते हुए सभी के मन में ऊर्जा का जागरण किया। उन्होंने कहा कि संतों का संग भी बिना हरि कृपा के असंभव है ।इसलिए सन्त और सत्संग दोनों के विलक्षण प्रभाव से हमें जीवन धन्य बनाना चाहिए। इसके पूर्व पहले सत्र में जमुनापार क्षेत्र से आये कई विद्यालयों के प्रतिभागी बच्चों के बीच 'ग्रामीण अथवा शहरी जीवन, कौन अधिक श्रेष्ठ? नामक वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विषय के पक्ष और विपक्ष में बालक और बालिकाओं ने बड़े सुंदर तर्क के साथ अपनी सोच उजागर की।मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज की छात्रा सना को पक्ष और इसी विद्यालय के मानस गुप्ता को विपक्ष में प्रथम स्थान मिला। बृज मंगल सिंह इंटर कॉलेज की छात्रा श्रद्धा पाल और ज्ञान भारती विद्या मंदिर नैनी की चाहत और सृष्टि दूसरे स्थान पर रहीं।जबकि संयुक्त रूप से सुभाष,शानू शुक्ला, खुशी और विशेष को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि श्री कृष्ण इंटर कॉलेज अमिलो के प्रधानाचार्य कृष्ण प्रकाश तिवारी, प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने सभी प्रतिभागियों को मेडल और सम्मान पत्र से सम्मानित किया। महोत्सव के संयोजक डॉ. भगवत पांडेय ने सभी श्रद्धालु, भक्तजनों के प्रति स्वागत आभार प्रकट किया। प्रवक्ता मो.परवेज सिद्दीकी और शैलेश कुमार यादव निर्णायक रहे। संचालन डॉ.के.के. त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर कन्हैया लाल प्रधान, रामसनेही, शिवभूषण मिश्रा, हनुमान प्रसाद, विन्ध्वासिनी पाण्डेय, शीतला, लाल प्रताप, रामप्रताप, रमेश तिवारी, मनीष, जितेंद्र, सुरेश, मालती, सुधा, सुनील, शिव, दिनेश, राधे केसरवानी, जगतपाल, राजकुमार, विशाल चौबे समेत बड़ी संख्या में श्रोता भक्तजन मौजूद रहे।

**वाद-विवाद प्रतियोगिता में मानस और सना ने मारी बाजी**

## जमीन हड़पने मारने पीटने पर आठ के खिलाफ मुकदमा

**मऊआइमा।** जमीन पर स्टे होने के बावजूद विपक्षी कब्जा कर रहे थे।मना करने पर गालियां दी गई।और मारा पीटा तथा उसके नाती को भी मारे पीटे । पुलिस ने नौ दिन बाद आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम दुबाही निवासी नसीम उद्दीन उर्फ नसीम पुत्र इसराइल का आरोप है कि उनकी जमीन का न्यायालय से स्टे होने के बावजूद विपक्षी 20 अक्टूबर को निर्माण सामग्री एकत्रित कर कब्जा कर रहे थे।मना करने पर उसे गालियां दी गई और उसे और उसके नाती जीशान को मारा पीटा गया। बुजुर्ग का कहना था कि थाने में शिकायत पर पुलिस ने निर्माण कार्य को रूकवा दिया था। परन्तु उसका मुकदमा नहीं दर्ज किया था। उच्च अधिकारियों के आदेश पर बुधवार को मऊआइमा पुलिस ने नसीम की तहरीर पर दुबाही गांव के आफताब, हकीम, नसीम, सलीम, एकलाक, मोकीम, सलीम, अकिल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## भाजपा किसान मोर्चा गंगापार ने प्रेस वार्ता कर किसानों की उपज का उचित व समर्थन मूल्य आदि की दी जानकारी

**सहसों।** उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ ने गन्ना किसानों की आय बढ़ाने तथा किसानों की उपज का उचित मूल्य दिलाने सहित रवि की बुवाई हेतु उर्वरक की उपलब्धता की पूरी तैयारी एवं गन्ना का समर्थन मूल्य तीस रुपये प्रति कुन्तल से बढ़ा कर प्रदेश के किसानों की आय बढ़ाने का एक और प्रयास किया है। उक्त जानकारी भाजपा किसान मोर्चा गंगापार जिला अध्यक्ष लक्ष्मीकांत उपाध्याय ने झूंसी स्थित गौशाला आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान दी। उन्होंने कहा कि किसानों को अगैती प्रजाति गन्ना का चार सौ रुपए प्रति कुंतल, सामान्य प्रजाति का तीन सौ नब्बे रुपये प्रति कुंतल करने की घोषणा भी मुख्य मंत्री ने किया है। एथेनाल उत्पादन में उत्तर प्रदेश अब देश में पहले स्थान पर आ चुका है जबकि इससे पहले सातवें स्थान पर था। २०१७ के मुकाबले गन्ना खेती का बीस लाख हेक्टेअर से विस्तार कर अब लगभग उनतीस लाख पचास हजार हेक्टेअर हो चुका है। उन्होंने बताया कि चीनी मिलें गन्ना किसानों का भुगतान तुरन्तकर रहीं हैं इससे किसानों में खुशी का वातावरण बन गया है।

इस मौके पर ज़िला महामंत्री किसान मोर्चा प्रभाकर द्विवेदी, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गिरि, अनिरुद्ध ओझा, राजेंद्र शुक्ल, भूपेन्द्र मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष दीपांकर द्विवेदी, सुरेंद्र शुक्ला, महेंद्र कुशवाहा, गोरख नाथ सिंह पटेल, शीतला प्रसाद सिंह, शिव दीप पांडेय, दीपक सिंह सहित आदि स्थानीय किसान उपस्थित रहे।

## क्षेत्रीय विकास में हर संभव प्रयास जारी रहेगा : पियूष निषाद

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी नगर निगम में शामिल नव विस्तारित क्षेत्रों में अभी तक सीवर, नाली सड़क, सफाई, स्ट्रीट लाइट आदि की सुविधाएं मुहैया नहीं कराई गई फिर भी गृहकर वसूली की जा रही है। इसी को लेकर नैनी के गंगापुरम स्थित टी एन मिश्र के आवास पर आयोजित चाय पर चर्चा में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक पियूष रंजन निषाद ने कहा कि यह तो सही है कि अपेक्षित विकास नहीं हो सका परन्तु प्रयास जारी हैं तथा कल से प्रयास और तेज हो जाएंगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद प्रदीप कुमार शास्त्री ने समस्याओं से अवगत होंने एवं अपने स्तर से कराये गये सम्भावित कार्यो के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि क्षेत्र बड़ा है संसाधन सीमित है फिर भी प्रयास जारी रहेगा। बैठक में विशेष रूप से करछना ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि



कमलेश द्विवेदी, यमुनापार विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, गंगा महासभा के प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र तिवारी, समाजसेवी पत्रकार गजेन्द्र प्रताप सिंह, पत्रकार जगदम्बा प्रसाद शुक्ल, पूर्व प्रधान शिव शंकर दीक्षित शामिल रहे। चाय पर चर्चा कार्यक्रम के आयोजक त्रिलोकी नाथ मिश्र द्वारा सभी का स्वागत कर विधायक को ज्ञापन देकर जल निकासी के अभाव में जलभराव से त्रस्त लोगों की व्यथा से अवगत कराया। इस अवसर पर जयप्रकाश उपाध्याय, वीएन तिवारी, जयशंकर मिश्र, सन्तोष शुक्ल, पीके द्विवेदी, अवधेश पाण्डेय, सिद्धनाथ यादव, अंकित मिश्र, पीके पाण्डेय, सतीश पांडेय, उमेश पाण्डेय, बीएन द्विवेदी, एसके शुक्ल, आरपी मिश्रा,कामता प्रसाद, वंशपति द्विवेदी, प्रणव कुमार त्रिपाठी, ईश्वर देव यादव, मनोज कुमार, सुरेन्द्र नाथ सिंह आदि मौजूद रहे।

### चाका में कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी का स्वागत हुआ

**नैनी।** नैनी शहर दक्षिणी में कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी ने वार्ड नंबर 17 चाका में लोगों से मुलाकात किया एवं जनता की समस्या सुनी। इस मौके पर चाका के पार्षद अनुप पासी ने कार्यकताओं की ओर से एवं जनता की ओर से मंत्री नंदी का जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया। स्वागत करने वालों में नैनी मंडल अध्यक्ष रजत दुबे, पूर्व नैनी मंडल अध्यक्ष दिलीप केसरवानी, महामंत्री ओम प्रकाश मिश्रा, दिनेश पटेल, कार्यक्रम का संचालन भाजपा के वरिष्ठ नेता घनशयाम जायसवाल ने किया। स्वागत करने वालों में भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेश तिवारी, गुड्डू वर्मा, धनीराम मिश्रा, राजेश गोड, मनीष कुशवाहा, पिंटू जैन, नरेंद्र पासी, नीलू पटेल, मधु देवी, राजेश राय, गीता भारतीय, रश्मि भारतीय, अनिल पासी, तमाम व्यापारी नागरिक शामिल थे।

### बेटियों, महिलाओं की सुरक्षा हेतु मिशन शक्ति टीम तत्पर : आराधना सिंह



**जंघई।** मिशन शक्ति फेज 5 के तहत मिशन शक्ति टीम उप निरीक्षक बलवंत सिंह, उप निरीक्षक आराधना सिंह, उप निरीक्षक मिताली सिंह, महिला आरक्षी सरोजनी यादव एवं संगीता पटेल द्वारा ग्राम जंघई थाना सराय ममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज मे जाकर महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे वूमेन पावर लाइन 1090, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन 112, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, साइबर क्राइम 1930 आदि की जानकारी दी गयी तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे मे भी बताया गया व साइबर फ्रॉड के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए साइबर हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरुक किया गया। मिशन शक्ति टीम प्रभारी आराधना सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति टीम बेटियों एवं महिलाओं की सुरक्षा हेतु 24 घंटे दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ तत्पर है और असामाजिक गतिविधियों पर पैनी नजर है।

# तेज रफ्तार सफारी कार ने चार बाइक सवारों को रौंदा, एक की मौत, तीन की हालत गंभीर

**अखंड भारत संदेश**





**प्रयागराज।** कैंट थाना क्षेत्र के चौफटका पुल पर बुधवार सुबह तेज रफ्तार सफारी कार ने चार बाइक सवारों को रौंद दिया। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को कॉल्विन अस्पताल पहुंचाया जहां से कुछ को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया जबकि अन्य का इलाज अभी चल रहा है। बुधवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे चौफटका से करबला की ओर आ रही काले रंग की सफारी कार के चालक ने पुल के अंतिम छोर पर नियंत्रण खो दिया। इसके बाद उसने सामने से आ रहे चार बाइक सवारों को टक्कर मार दी और फरार हो गया। हादसा इतना भीषण था कि चारों बाइक समेत दूर जा गिरे। दो बाइक के पाट्र्स टूटकर सड़क पर बिखर गए, वहीं कार की नंबर प्लेट भी टूटकर मौके पर गिर गई। राहगीरों ने तत्काल 112 नंबर पर सूचना दी जिसके बाद कैंट पुलिस और सिविल लाइंस एसीपी विद्युत गोयल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और घायलों को तत्काल कॉल्विन अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने अस्पताल में पहुंचकर घायलों से घटना के संबंध में जानकारी ली। हादसे में मृतक की पहचान धूमनगंज के प्रीतमनगर निवासी रोहित कुशवाहा (32) के रूप में हुई है। वहीं घायलों में संजय अग्रहरि (50) निवासी हिम्मतगंज, विद्या भूषण (36) निवासी करछना, मंजू (40) पत्नी सुनील निवासी करबला शामिल हैं। मंजू के सिर पर चोटें आईं और विद्या भूषण मामूली रूप से घायल हुए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया जबकि संजय अग्रहरि का दाहिना पैर टूट गया और सिर व हाथ में गंभीर चोटें आईं। कॉल्विन अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। घटना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के फुटेज और मौके से मिली कार की नंबर प्लेट के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। डीसीपी सिटी मनीष शांडिल्य ने बताया कि कार नंबर के आधार पर मालिक की पहचान की गई तो वह दिल्ली का रहने वाला निकला। उसने बताया कि कार मुंडेरा निवासी किसी युवक को बेच दी थी। वहीं मुंडेरा के रहने वाले कार मालिक ने बताया कि उसने अपनी कार किसी और को चलाने के लिए दी थी।

# दिव्यांग बच्चों के मुस्कुराते चेहरेः एक्सपोजर विजिट ने दिया नया अनुभव, नई उड़ान

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** जनपद प्रयागराज में समेकित शिक्षा के अंतर्गत परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु एक्सपोजर विज़िट कार्यक्रम का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवव्रत सिंह के कुशल निर्देशन एवं जिला समन्वयक समेकित शिक्षा विकास पांडे के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम के तहत जनपद के विभिन्न ब्लॉकों के कुल 150 दिव्यांग बच्चों हेतु तीन एक्सपोजर विज़िट कराया गया। बच्चों को ज्ञानवर्धक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक स्थलों जैसे आनंद भवन, तारामंडल, इलाहाबाद संग्रहालय, चंद्रशेखर आजाद पार्क, विक्टोरिया पार्क एवं खेलकूद पार्क का भ्रमण कराया गया। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ विभिन्न स्थलों का अवलोकन किया और इतिहास, विज्ञान एवं संस्कृति की जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम की एक विशेष झलक यह रही कि 9 दिव्यांग बच्चों – कुमारी रोशनी (विकासखंड सैदाबाद), कृष्ण (होलागढ़), आर्यन कुशवाहा (करछना), देवराज (नगर क्षेत्र), मोहम्मद अयान (नगर क्षेत्र), अनमोल (नगर क्षेत्र) और आयन (नगर क्षेत्र) – जिनका आज जन्मदिन था, उनका सामूहिक जन्मोत्सव मनाया गया। केक काटकर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और उल्लास की झलक पूरे वातावरण को प्रफुल्लित कर गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय कुमार कुशवाहा, सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), प्रयागराज मंडल प्रयागराज ने बच्चों का जन्मोत्सव मनाया और कहा- इन विशेष बच्चों की मुस्कान ही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। इस तरह के भ्रमण कार्यक्रम इनके आत्मविश्वास और सीखने की इच्छा को नई दिशा देते हैं।

# 11 स्थानों से हटाया गया अवैध अतिक्रमण

**प्रयागराज।** जनपद प्रयागराज के सभी तहसीलों में अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध जिलाधिकारी के नेतृत्व में अभियान चलाया जा रहा है। दिनांक 29.10.2025 को बंजर, खलिहान, नवीन परती, चकमार्ग, तालाबी रकबा, सभी भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध व्यापक अभियान के क्रम में जनपद के सभी तहसीलों में कार्यवाही करते हुए कुल 11 स्थानों से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। तहसील सोरांव के ग्राम सरांयनन्दन उर्फ समसपुर में बंजर एवं चकमार्ग, मलाक हरहर उपरहार में चकमार्ग, ग्राम कंजिया में नाली एवं रास्ते की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया। तहसील कोरांव के ग्राम घेघसाही में खाद गड्ढा, खजुरी कला व पियरी में चकमार्ग की भूमि, कंचनपुर में नाली की भूमि व वसुही में ऊसर की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया। तहसील मेजा के ग्राम कोसडा कला में नाली की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया है। तहसील फूलपुर के ग्राम एतमाद पुर उर्फ मिश्रापुर में चकमार्ग, ग्राम परासिनपुर में खलिहान खाते की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया है।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा सभी तहसील के उप जिलाधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों को निर्देषित किया गया है कि अतिक्रमण सम्बन्धित षिकायतों पर अविलम्ब कार्यवाही किया जाय, दूसरी ओर जिलाधिकारी प्रयागराज ने सभी उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को निर्देषित किया है कि तहसील स्थित सरकारी भूमि/ग्राम सभा की भूमि का नवीन सर्वे करवायें तथा इसके आधार पर अतिक्रमण की श्रेणियों का निर्धारण करें तथा अतिक्रमण के विरूद्ध तद्नुसार कार्यवाही करें। अब तक इस अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आये तथा आने वाले दिनों में अतिक्रमण के विरूद्ध अभियान निरन्तर जारी रहेगा।

# घूरपुर - प्रतापपुर सड़क निर्माण में ग्रामीणों ने लगाया अनियमितता का आरोप

**अखंड भारत संदेश**



**लालापुर।** क्षेत्र के घूरपुर प्रतापपुर सड़क का निर्माण तीन माह पूर्व से शुरू किया गया है । विभाग ने अट्ठाइस किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए लगभग छब्बीस करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया है ।ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया गया परंतु घटिया व कच्छप गति से निर्माण कार्य को लेकर , ग्रामीणों द्वारा विरोध जताया जा रहा है। और थोड़ी थोड़ी दुरी रोड नाली बना के छोड़ दिया जो राहगीर चोटिल हो रहें है। तरहार क्षेत्र को जोड़ने वाली मुख्य सड़क घूरपुर प्रतापपुर है । अट्ठाइस किलोमीटर के क्षेत्र में लगभग साठ गांवों की लगभग दो लाख की आबादी को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पांच वर्षों से गड्ढा मुक्त होने का इंतजार कर रही थी। सड़क निर्माण शुरू हुआ तो घटिया निर्माण का आरोप ग्रामीण लगाने लगे, परंतु जब ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया गया तो ग्रामीणों ने किसान यूनियन का सहारा लिया । भारतीय किसान यूनियन प्रयाग के प्रदेश अध्यक्ष के के मिश्र की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल मंडल मुख्य अभियंता, जिलाधिकारी प्रयागराज से मिलकर सड़क निर्माण में अनियमितता की शिकायत कर करवाई की मांग किया है । उधर लालापुर के बड़का शुक्ल, धरा के ऋषि पांडेय, रूपेंद्र यादव, नायक यादव, राम भवन पटेल, हरि ओम ने यह भी आरोप लगाया की एक सफेद पोश नेता के सरंक्षण के कारण ठेकेदार घटिया निर्माण कर रहा है ।किसान नेताओं ने शिकायती पत्र देकर चेतावनी दिया है की अगर पंद्रह दिन के अंदर कार्य में सुधार नहीं हुआ और समय से कार्य नहीं किया गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा । शिकायत के बाद सड़क निर्माण को रोक दिया गया है जांच के लिए सैंपल मोतीलाल नेहरू जांच केंद्र भेजा गया है । जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्य शुरू करा दिया जाएगा। -एसके श्रीवास्तव अधिशासी अभियंता।

# शिवसेना प्रदेश सचिव रुचि तिवारी ने एनडीए दल के संयोजक से दिल्ली में की मुलाकात

**डा अभिषेक वर्मा के दिल्ली स्थित आवास पर शिष्टाचार मुलाकात के दौरान संगठन विस्तार, जनसंपर्क, पंचायत और 2027 के चुनाव पर हुई विस्तृत वार्ता**

**अखंड भारत संदेश**



राष्ट्रीय समन्वयक डा अभिषेक वर्मा के दिल्ली स्थित आवास पर शिष्टाचार मुलाकात करती रुचि तिवारी

**मेजा।** शिवसेना की प्रदेश सचिव रुचि तिवारी ने हाल ही में एनडीए गठबंधन दल संयोजक, चुनाव प्रभारी एवं शिवसेना के राष्ट्रीय समन्वयक डॉ. अभिषेक वर्मा से नई दिल्ली स्थित उनके निवास पर शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान श्रीमती तिवारी ने डॉ. वर्मा को बुके और भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश में संगठन विस्तार, जनसंपर्क अभियान और आगामी पंचायत एवं 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में उत्तर प्रदेश प्रमुख अभय द्विवेदी, दिल्ली प्रमुख संदीप सिंह, मनोज कुमार लल्लन, स्नेहल करमरकर सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर संगठनात्मक रणनीति और राष्ट्रहित में किए जाने वाले कार्यों पर विचार विमर्श भी किया। रुचि तिवारी ने डॉ. वर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि डॉ. अभिषेक वर्मा जी सहज, सरल और जमीन से जुड़े हुए व्यक्तित्व के धनी हैं। वे न केवल कुशल रणनीतिकार हैं, बल्कि अपने सहयोगियों के सुख-दुःख में साथ खड़े रहने वाले सच्चे मार्गदर्शक भी हैं। बैठक का समापन ह्यजय भवानीह्ल के उद्घोष के साथ हुआ, जिसने शिवसेना के आदर्शों और राष्ट्रसेवा की भावना को नई ऊर्जा प्रदान की।

## न्यूज झरोखा

### विश्व हिंदू परिषद ने उदयभान करवरिया का किया स्वागत



**जंघई।** विश्व हिंदू परिषद जिला प्रमुख धर्म प्रसार गंगापार, प्रयागराज दुर्गेश शुक्ला के निवास स्थान ग्राम सभा सेवना में लोकप्रिय भाजपा के वरिष्ठ नेता इंजीनियर पंडित उदयभान करवरिया पूर्व विधायक एवं अन्य अतिथियों का क्षेत्रवासियों एवं ग्राम वासियों द्वारा माल्यार्पण करते हुए स्मृति चिन्ह के साथ अंगवस्त्र पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर अशोक दुबे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, समाजसेवी सुशील मिश्रा, राजेंद्र प्रसाद शुक्ला कल्लू नेता, पिंटू पांडेय प्रधान सेवना, प्रमोद पांडेय, चीनी पांडेय, रविंद्र पांडेय, बालकृष्ण शुक्ला, मकसूदन पांडेय, शुभम तिवारी, सौरभ तिवारी प्रधान हरिपुर, काशीनाथ शुक्ला, गोरेलाल तिवारी, अरुण यादव, कृष्णानंद पांडेय आदि क्षेत्र के सम्मानित गण स्वागत समारोह कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उपस्थित सभी अतिथियों का अवधेश शुक्ला एडवोकेट द्वारा सादर धन्यवाद अर्पित किया गया।

### मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं को दी गई सुरक्षा व जागरूकता की जानकारी



**प्रयागराज।** मिशन शक्ति फेस 5.0 के अंतर्गत बुधवार को थाना कौंधियारा की पुलिस टीम ने ग्राम सेहरा स्थित राजकुमार सिंह स्मारक पब्लिक स्कूल में बालिकाओं को सुरक्षा जागरूकता संबंधी जानकारी दी। कार्यक्रम का नेतृत्व थानाध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने किया। मिशन शक्ति टीम में महिला उपनिरीक्षक निधि सिंह चौहान,उपनिरीक्षक प्रीति कुमारी, उ0नि0 अवशेष कुमार, कांस्टेबल लक्ष्मी शर्मा, कांस्टेबल संजीव राजपूत एवं कांस्टेबल बृजेन्द्र सिंह शामिल रहे। पुलिस टीम ने छात्राओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न महिला सुरक्षा एवं सहायता योजनाओं की जानकारी दी तथा उच्चाधिकारियों के निदेर्शानुसार आत्मरक्षा व जागरूकता से संबंधित दिशा-निर्देश साझा किए। इस दौरान छात्राओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर वूमेन पावर लाइन 1090, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस 108 एवं साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी गई। उपनिरीक्षक निधि सिंह चौहान ने बालिकाओं से आत्मनिर्भर, सतर्क और निडर बनने का आह्वान करते हुए कहा कि किसी भी आपात स्थिति में वे बिना झिझक तुरंत इन हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करें।

### उदय होते सूर्य को अर्ध्य देकर हुआ लोक आस्था के छठ महा पर्व का समापन, अस्त हुआ तो उदय होना भी तय : स्वामी नारायणाचार्य जी



**लालापुर।** लोक आस्था का महापर्व छठ बड़े ही हर्ष के साथ लोगों ने मनाया। नहाय खाय की रीति से शुरू होकर सोमवार को उगते सूर्य को अर्ध्य देकर व्रत का समापन किया गया। छठ महापर्व कभी केवल बिहार राज्य का त्यौहार था, लेकिन वर्तमान मे भारत के विभिन्न राज्यों मे लोगों मे छठी मईया के इस व्रत को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। अवधूत नारायण आश्रम के पीठधीश्वर नारायणाचार्य महराज ने भी अपने शिष्यों के साथ इस व्रत को किया। व्रत की पूर्णता के बाद नारायणाचार्य जी ने लोगों को प्रसाद वितरण भी किया। नारायणाचार्य जी से बातचीत हुई तो महाराज जी ने बताया कि अस्त होते सूर्य को अर्ध्य देकर पूजन की शुरूवात और उगते सूर्य को अर्ध्य देकर समापन ये संदेश देता है कि जिसका अस्त हो रहा उसका उदय भी जरूर होगा।

### राजनीतिक दलों के साथ एसडीएम ने किया बैठक



**बारा।** बुधवार को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अर्हता तिथि एक जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा 264 बारा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचन नामावली का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण हेतु एसडीएम बारा प्रेरणा गौतम की अध्यक्षता में समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक तहसील सभागार में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित राजनीति दलों के प्रतिनिधियों से एसडीएम बारा ने बताया कि मतदाता सूची को लेकर आपत्तियों को देने एवं निस्तारण की तिथियां निश्चित है। सभी लोग बीएलओ के माध्यम से आपत्तियां दर्ज करा दे जिससे मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन समय पर किया जा सके। बैठक में नायब तहसीलदार शंकरगढ़ राकेश कुमार यादव,कामद प्रताप सिंह कांग्रेस, रमाकांत यादव सपा,मान सिंह लोक दल, अमित कुमार गुप्ता आम आदमी पार्टी, कमलेश त्रिपाठी और जगत शुक्ला भाजपा, फूल चंद्र पटेल, राम विजय, पंकज त्रिपाठी, विकास कुमार पटेल, चंदन सिंह, गुलाब चंद चौधरी, शिव चंद्र पटेल आदि मौजूद रहे।

# मर्रों में शतचंडी पाठ संपन्न विशाल भंडारे का आयोजन



**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** पूर्व प्रधान मर्रों ग्राम सभा अशोक तिवारी द्वारा अपने निवास पर मंगलवार तक शतचंडी पाठ एवं पूणार्हुति हवन का आयोजन किया गया। साप्ताहिक धार्मिक अनुष्ठान में शतचंडी महायज्ञ, रुद्राभिषेक, पूणार्हुति हवन एवं महाप्रसाद भंडारा कार्यक्रम बुधवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर यज्ञाचार्य पंडित मुरारी लाल मिश्र, पूर्व विधायक प्रशांत सिंह, ब्लाक प्रमुख ज्योति यादव, कांग्रेस नेता मुन्ना उपाध्याय, मुन्ना पांडेय, मातेश्वर ओझा, शिवराम दुबे, श्रीराम दुबे, शीतला दुबे, आनंद सिंह, मुन्नू दुबे एवं परिजनों में लाल बहादुर तिवारी शास्त्री, रमाशंकर तिवारी, श्याम बाबू तिवारी व्यास, आनंद तिवारी, कृष्णकांत तिवारी, भरत लाल तिवारी, लवकुश तिवारी, मनोज तिवारी, संतोष तिवारी, संजय तिवारी, विपिन तिवारी, महेंद्र तिवारी, आशीष तिवारी, राहुल तिवारी, रोहित तिवारी, अतुल तिवारी, अनुज तिवारी, नितिन तिवारी, अभिषेक तिवारी, सूरज तिवारी, आयुष तिवारी, अनमोल तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# मेजा खास बाजार में आज आयोजित होगा भरत मिलाप और दशहरा का विशाल मेला

**मेजा।** मेजा खास बाजार में 30 अक्टूबर को भरत मिलाप और दशहरा का विशाल मेला आयोजित किया गया है। इस दौरान रात्रि देवी जागरण, धार्मिक आर्केस्ट्रा तथा क्षेत्र से आ रही भव्य धार्मिक झांकियां निकाली जाएंगी। उक्त आशय की जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने दी। उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से इस धार्मिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर कमेटी का उत्साह वर्धन करने की अपील किया है। गौरतलब है कि मेले के दौरान आयोजन कमेटी के पदाधिकारी विरेंद्र सिंह यादव, कैलाश चंद्र गुप्ता, पवन कुमार, पत्रकार हरिश्चंद्र त्रिपाठी, प्रवीण गुप्ता,योगेश जायसवाल, विवेक प्रजापति, राजबहादुर श्रीवास्तव, पाली केशरी, पंकज मोदनवाल एवं हिमांशु मोदनवाल की भूमिका बेहद अहम होगी।

# पढ़ेंगी बेटियां तो बढ़ेंगी बेटियां : एसीपी थरवई चंद्रपाल सिंह

**अखंड भारत संदेश**



**थरवई।** किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने में शिक्षा की अहम् भूमिका होती है। सफलता को हासिल करने में शिक्षा का विशेष महत्त्व होता है। आज बेटियां निडरता के साथ घर से बाहर निकल रही हैं और आगे बढ़ रही हैं। बेटियों की सुरक्षा व सम्मान को दृष्टिगत रखते हुए सरकार द्वारा पहल चलाई गई जिसका नाम है मिशन शक्ति और जिसकी थीम है सशक्त नारी समृद्ध प्रदेश जिसका उद्देश्य है नारियों को सशक्त बनाना ।सरकार की यह पहल व सोच आज वर्तमान में सफल साबित हो रही है और बेटियां शिक्षा हो या खेल जगत हर क्षेत्र में अग्रणी हो रहीं और देश नाम रोशन कर रही हैं। मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत थाना थरवई क्षेत्र के प्रयाग पीजी कॉलेज हेतापट्टी में बड़े ही भव्य तरीके से मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एसीपी थरवई चंद्रपाल सिंह रहे वही कार्यक्रम में थाना प्रभारी थरवई संतोष कुमार पाण्डेय एवं मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी निधि पटेल अपनी टीम के साथ इस जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद रहीं। आये हुए सभी अतिथि यों का तिलक, बैज व अंगवस्त्र के साथ सभी का सम्मान बढ़ाया। मिशन शक्ति कार्यक्रम में एसीपी थरवई चंद्रपाल सिंह ने मिशन शक्ति पर प्रकाश डालते हुए बताया व उनके सम्मान व अधिकार को लेकर हेल्प लाइन नंबरों में जैसे वीमेन पॉवर लाइन 1090, महिला हेल्प लाइन नंबर 181, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन नंबर 1076, वही कॉमन नंबर पुलिस आपात सेवा डायल 112, साइबर हेल्प लाइन 1930 आदि सभी नंबरों के बारे में जानकरी दी। एसीपी थरवई ने बताया कैसे हमें सफल बनना है शिक्षा की महत्वता पर विशेष बल देते हुए प्रकाश डाला। बताया गया की कोई भी बेटी शिक्षा से वंचित न हो अगर कोई किसी भी प्रकार की बाधा डालता है तो आप तुरंत हेल्प ले सकती हैं और शिक्षा पर विशेष बल दिया जाएगा। वहीं यह भी बताया कि अगर रास्तों में चलते हुए कोई भी शोहदा द्वारा महिलाओं व बेटियों स्कूल जाते हुए छात्राओं को गलत कमेंट्स करे व देखकर सीटी बजाये किसी भी तरह से परेशान करे व छेड़े तो आप बिल्कुल भी घबरायें नहीं दिए नंबर पर कॉल करें कुछ ही समय में आपको सहायता प्राप्त होगी और उस मनचले के खिलाफ कार्यवाही भी होगी। वही सरकार द्वारा चलाई जा रही महिलाओं बेटियों के लिए योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। जैसे कन्या सुमंगला योजना में बताया गया की जब बेटी का जन्म होता है तो 5 हजार रुपये की राशि उसके पिता के खाते में ट्रांसफर कर दिया जाएगा और जब बेटी एक वर्ष की हो जाएगी तो 2 हजार की राशि, जब बेटी पहली कक्षा में प्रवेश करेगी तो 3 हजार रुपये की राशि पिता के खाते में ट्रांसफर कर दी जाएगी। और जब बेटी 6 वीं कक्षा में प्रवेश करने पर 3 हजार रुपये की राशि और जब बेटी 9 वीं कक्षा में प्रवेश करेगी तो 5 हजार रुपये की राशि और अगर बेटी ग्रेजुएट, डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स करती है तो ?7000 की राशि उसके पिता के खाते में ट्रांसफर कर दी जाएगी। वहीं सुकन्या समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि पर जानकारी दी गई। वहीं सभी बलिकाओं को बताया अगर किसी भी महिला या बेटी को थाने में जाने से घबराती तो उनके लिए थाने में बनाये गए मिशन शक्ति केंद्र बनाया गया है जहां थाने की महिला बीट अधिकारी उनकी समस्या को सुनेंगी। कार्यक्रम के समापन पर प्रयाग पीजी कॉलेज के प्रबंधक डॉ आर डी तिवारी द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मान बढ़ाया और धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में एस आई दिव्या यादव, रिचा वर्मा, अर्जुन सिंह, अमित कुमार, मोहित कुमार सहित समस्त टीम द्वारा भी मिशन शक्ति पर जागरूक किया गया। विद्यालय परिवार से डॉ कृष्ण मोहन त्रिपाठी, शिव दत्त तिवारी, मान सिंह यादव, विकास यादव, रोहित केसरवानी, शैलेश कुमार दूबे व कॉलेज के पदाधिकारी व स्टॉफ आदि मौजूद रहे। राकेश प्रसाद मिश्रा द्वारा कार्यक्रम बेहतर संचालन किया गया।

# जनपद में निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान शुरू

## बीएलओ 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक घर-घर जाकर गणना फार्म करायेगे उपलब्ध

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जनपद में भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के तहत निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के संबंध में कैम्प कार्यालय के सभागार में जिलाधिकारीध्जिला निर्वाचन अधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक की एवं पत्रकार बन्धुओं से वार्ता की। इस दौरान बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के द्वितीय चरण को संचालित करने का निर्णय लिया है। इस पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल करना और नाम, पता, आयु व अन्य प्रविष्टियों में त्रुटियों का संशोधन करना है। उन्होने बताया कि प्रदेश में इसके पूर्व विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण वर्ष 2003 में हुआ था, जिसे पुनः भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार किया जा रहा है। मतदाता सूची को शुद्ध व समावेशी बनाने के लिए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का एक प्रमुख उद्देश्य राजनीतिक दलों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना है ताकि पुनरीक्षण कार्य पारदर्शी और व्यापक रूप से संपन्न हो सके।

जिला निर्वाचन अधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 28 अक्टूबर से 03 नवंबर 2025 तक विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से संबंधित तैयारी, प्रशिक्षण एवं गणना प्रपत्रों का मुद्रण कार्य किए जाएंगे। 04 नवंबर से 04 दिसंबर 2025 तक बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र का उपलब्ध करायेगें। 09 दिसंबर 2025 को निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन कराया जायेगा। 09 दिसंबर 2025 से 08 जनवरी 2026 तक



दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अवधि रहेगी। 09 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक नोटिस जारी किये जाने, सुनवाई एवं सत्यापन व दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण एवं गणना प्रपत्रों पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निर्णय किये जाने की अवधि निर्धारित है। 07 फरवरी 2026 को निर्वाचक नामावली का अन्तिम प्रकाशन किया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के लिए 2003 को मतदाता सूची में दर्ज नामों को आधार बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) प्रत्येक मतदाता के घर पर पहुंचकर गणना फार्म उपलब्ध कराएगा। इस गणना फार्म को मतदाता को भरकर जल्द से जल्द साक्ष्यों के साथ वापस देना होगा। इनके सत्यापन के बाद अनंतिम मतदाता सूची तैयार की जाएगी। जो लोग फार्म जमा नहीं करेंगे उनके नाम मतदाता सूची में नहीं रहेंगे। उन्होने राजनीतिक दलों से अनुरोध किया कि वे बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नामित करें और अभियान में सक्रिय सहयोग दें। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता और प्रतिनिधि मतदाताओं को सूची में नाम जुड़वाने एवं संशोधन के लिए जागरूक करें। उन्होने कहा कि बीएलए (बूथ लेवल एजेन्ट) द्वारा 50 फार्म भराये जा सकते है। उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करने की अपील भी उनसे की। 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा के नाम भी मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे। उन्होने बताया कि एक मतदेय स्थल पर 1200 से अधिक मतदाता नहीं होगें। एक ही परिवार के सभी सदस्यों को एक ही मतदेय स्थल पर रखने हेतु विशेष ध्यान रखा जायेगा। उन्होनें बताया कि जनपद के सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरना अनिवार्य है। उन्होने बताया कि नये निर्वाचकों के लिये फार्म-6, विलोपन के लिये फार्म-7 व सुधारध्स्थानान्तरण के लिये फार्म-8 भरा जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के दौरान फार्म भरने या अन्य कोई समस्या आ रही है तो अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0), उपजिलाधिकारी तनवीर अहमद एवं निर्वाचन कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य प्रजापति, उप जिलाधिकारी तनवीर अहमद तथा विभिन्न राजनीतिक दलों में भाजपा के रामजी मिश्र, कांग्रेस पार्टी के सुरेश कुमार मिश्र, अपना दल के परमानन्द मिश्र व ज्ञानेन्द्र वर्मा, सपा के अब्दुल कादिर, माकपा के जय प्रकाश सिंह, बीएसपी के सादिक अली सहित दिनेश उपाध्याय, गजराज सिंह आदि प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सुशील सिंह सहित अन्य पर पुलिस ने कसा शिकंजा

**पट्टी।** रजिस्ट्री आफिस के पास गोलीबारी करने वाले व एमडी की बरामदगी में जेल में बंद ब्लाक प्रमुख सुशील सहित व उनके कुल अन्य के खिलाफ पुलिस ने शिकंजा कसा है। पट्टी पुलिस नौ लोगों के खिलाफ गैगेंस्टर की कार्रवाई की है।

बताते चले कि जमीन के विवाद में पूर्व ब्लाक प्रमुख सुशील सहित अन्य लोग अभी जेल में है। इस मामले एसपी के निर्देश पर बुधवार को पट्टी कोतवाल अभिषेक सिरोही ने सुशील सिंह, संतोष सिंह, ओम, अजय उर्फ टक्कू, शिवम, विपिन उर्फ विकाश, हरीश उर्फ पन्ने, अखिलेश, जयप्रकाश उर्फ चन्दू, आकाश पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। जिसमें पूर्व ब्लाक प्रमुख को पट्टी पुलिस ने गैगेंस्टर का सरगना दिखाया है व अन्य लोगों को गैंग का सदस्य बताया है। इन लोगों के ऊपर इस गिरोह द्वारा संगठित होकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने व लोगों द्वारा रंगदारी भी मांगी जाती थी।इनपर डरा धमकाकर लोगों की जमीन पर कब्जा करने का भी आरोप लगाया गया है। पूर्व ब्लाक प्रमुख सहित अन्य आरोपी औराईन गांव में जमीन के एक मामले में अभी जेल में है। जिसमें ब्लाक प्रमुख के ऊपर गोली मारने सहित अन्य आरोप लगाया गया है।

### आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** महिला के साथ छेडछाड की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़ित महिला का आरोप है कि बीती सत्ताईस अक्टूबर की शाम करीब साढ़े छः बजे वह बकरी बांधने जा रही थी। इसी बीच देवरी गांव का जितेन्द्र सरोज पुत्र लल्लन सरोज वहां पहुंचा और जबरन छेडखानी करने लगा। पीड़िता के विरोध करने पर गाली देते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि आरोपी के खिलाफ छेडछाड़ का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# एसआईआर की जल्दबाजी आयोग का दबाव भरा फैसला : प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने निर्वाचन आयोग द्वारा चुनावी राज्य बिहार के बाद बारह प्रदेशों में विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान को दबाव का फैसला कहा है। उन्होने सवाल उठाया कि जब सुप्रीम कोर्ट मे बिहार मे हुए एसआईआर को लेकर सुनवाई जारी है तब आयोग को इस प्रक्रिया को और आगे बढ़ाने की कौन सी जल्दबाजी है। उन्होने आयोग की तरफ निशाना साधते हुए कहा कि वह आखिर क्यों नही बता पा रहा है कि बिहार मे किस जाति और किस धर्म के लोगो के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। उन्होने कहा कि पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह बार बार यह कह रहे हैं कि बिहार मे घुसपैठिए हैं। बुधवार को नगर स्थित विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर पत्रकार वार्ता में उन्होने पीएम और गृहमंत्री की इस बयानबाजी को कटघरे मे खड़ा करते हुए यह भी सवाल दागा कि तब भी आयोग एक बार भी नही बता पाया कि वहां उसे कितने घुसपैठिये मिले। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि आयोग आसाम मे एसआईआर नही करा रहा है। उन्होने कहा कि इस आधार पर यदि एसआईआर का मामला सुप्रीम कोर्ट मे विचाराधीन है तब अदालत के आदेश का इंतजार क्यों नही किया गया। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि स्वायतशाषी संस्था के रूप में चुनाव आयोग की इस प्रकिया से देश के सामने नियत और विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा होना लाजमी है। उन्होने कहा कि एसआईआर के जरिए निर्वाचन आयोग और भाजपा की वोट चोरी की नीयत का भी पूरे देश के सामने बेनकाब हो चुकी है। राज्यसभा मे विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने जम्मू कश्मीर के लोपा वैली में पाकिस्तान के ताजा सीजफायर के दुस्साहस की भी कडी आलोचना की। उन्होने कहा कि मोदी सरकार की ढुलमुल विदेश नीति के कारण अर्न्तराष्ट्रीय मंचों पर देश को मजबूत समर्थन न मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होने कहा कि दुनिया जानती है कि पाकिस्तान आतंकवाद का पोषक है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि देश की बहादुर सेना पाक अधिकृत कश्मीर मे घुस रही थी तब अमेरिकी दबाव मे सीजफायर से पाकिस्तान का आवांछित मनोबल बढ़ गया। वार्ता के दौरान कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने



नीति आयोग की कम रोजगार को लेकर ताजा रिपोर्ट को लेकर भी मोदी सरकार की तगड़ी घेराबंदी की। उन्होने कहा कि इस रिपोर्ट से यह साफ जाहिर है कि नौकरियों के जरिए रोजगार को बढ़ावा देने के लिए मोदी सरकार संरचनात्मक सुधारों मे विफल रही है। उन्होने कहा कि मंहगाई के साथ सेवा क्षेत्र मे रोजगार को लेकर एक तिहाई से कम भी छोटी छोटी नौकरियां भाजपा की जुमलेबाजी को उजागर कर गया है। इसके पहले कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कार्यकताओं से मुलाकात की। उन्होने कार्यकताओं से बिहार मे एसआईआर मे आई गड़बडियों को देखते हुए प्रदेश में चलाए जा रहे अभियान पर सतर्क दृष्टि रखने को कहा। सांगीपुर के भवानीगढ़ गांव में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने पूर्व प्रधान रामकरन ओझा के संयोजन में श्रीमदभागवत कथा में शामिल हुए। कटेहटी स्थित संकटमोचक हनुमान मंदिर मे सामूहिक श्रीराम कथा मे राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने परोपकार तथा विकास के वातावरण की भावना को मजबूत बनाने पर जोर दिया। अमावां पूरे मुरली में हरिकेश कुमार मिश्र के संयोजन में आयोजित श्रीमदभागवत कथा मे भी सांसद प्रमोद तिवारी ने कथावाचक सम्पूणार्नंद जी महराज को सम्मानित किया। लालगंज बाजार में श्रीरामजानकी मंदिर के मुख्य व्यवस्थापक जीतलाल गुप्ता के आकस्मिक निधन पर सांसद प्रमोद तिवारी ने परिजनो से मिलकर संवेदना प्रकट की। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, प्रमुख अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, डॉ0 अमिताभ शुक्ल, केडी मिश्र, पन्नेलाल पाल, आशीष कौशल, सुरेन्द्र सिंह ददन, कुंवर ज्ञानेन्द्र सिंह, रामकृपाल पासी, द्दगपाल यादव, अरविंद मिश्र, रामबोध शुक्ला, मुरलीधर तिवारी, शेरू खां, हरकेश वर्मा, श्रीधर तिवारी, त्रिभु तिवारी, अतुल शुक्ला, इम्तियाज खां, पप्पू तिवारी, सिंटू मिश्र आदि रहे।

### कमरे का ताला तोड़कर 50 हजार नगदी के साथ लाखों के जेवरात की चोरी

**बेलखरनाथ धाम।** बीती रात अज्ञात चोरों ने घर के कमरे का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात और 50 हजार रुपए नगदी को पार कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।कधंई थाना क्षेत्र के रैय्या गांव निवासी राम मूरत दुबे ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मंगलवार रात परिवार के लोग भोजन करके अपने कमरे में सोने चले गए सुबह किसी काम से राम मूरत दुबे कमरे में सामान लेने गए तो दरवाजा का ताला टूटा हुआ था अंदर जाकर देखा आलमारी अटैची बक्श का सामान तितर-बितर था। अलमारी के लाकर में रखा सोने की तीन चैन गले का हार,माथटीका, सोने की 5 अंगूठी, 5 चांदी का पायल कमर पेटी घटी व अंदर रखा 50 हजार रुपए गायब थे जानकारी होने पर घर के अन्य लोग भी पहुंचे देखकर सन्न रह गए, चोरी की सूचना पीड़ित ने डायल 112 पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने तहरीर लेकर थाने बुलाया मंगलवार सुबह 10 बजे राम मूरत दुबे ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# जिले में 2744 मीट्रिक टन फॉस्फेटिक उर्वरक की एक और रैक होगी प्राप्त

**प्रतापगढ़।** जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार ने बताया है कि जनपद में वर्तमान समय में किसानों की आवश्यकता के अनुरूप उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। डीएपी खाद की कोई किल्लत नहीं है। 2744 मीट्रिक टन फॉस्फेटिक उर्वरक की एक और रैक जनपद में 01 नवम्बर 2025 तक प्राप्त हों जाएगी। उन्होने कृषकों से अपील है कि वे ह्लसंकट की आशंकाह्व में डीएपी की खरीददारी से बचें तथा आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरक का क्रय करें व अधिक मात्रा में भंडारण से बचें। सभी उर्वरक विक्रेता निर्धारित दर पर ही बिक्री करेंगे। कृषकगण उर्वरक क्रय के समय पक्की रसीद अवश्य प्राप्त करें। जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा उर्वरकों की आपूर्ति एवं वितरण की नियमित निगरानी की जा रही है, जिससे समय से किसानों को खाद उपलब्ध हो सके। उन्होने बताया है कि जनपद में 29 अक्टूबर तक यूरिया 10776 मीट्रिक टन, डीएपी 4817

**जिले में रबी सीजन हेतु पर्याप्त उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित : जिला कृषि अधिकारी**

मीट्रिक टन व एनपीके 6583 मीट्रिक टन उर्वरकों की उपलब्धता है। उन्होने सभी लाइसेन्स धारी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वे कृषकों को उनकी जोत/ भूमि (खतौनी विवरण) के आधार पर उर्वरक उपलब्ध करावें। उर्वरकों की विक्रीध्वितरण के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग, ओवर रेटिंग कालाबाजारी तथा तस्करी करते हुए जो भी विक्रेता पाया जाएगा के विरुद्ध उर्वरक अकार्बनिक, कार्बनिक या मिश्रित नियन्त्रण आदेश -1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 में निहित प्रविधानों के अन्तर्गत कठोर कार्यवाही की जाएगी। जनपद के सभी वरिष्ठ प्राविधिक सहायक (ग्रुप-बी) एवं संबंधित क्षेत्रीय कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने विकास खंडों में उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण की निगरानी सतत रूप से करें, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसानों को उर्वरकों की उपलब्धता में किसी प्रकार की कोई समस्या न हो।जनपद के कृषक भाई किसी भी प्रकार के अनियमितता यथा उर्वरकों की विक्री निर्धारित दर से अधिक दर पर करने अथवा यूरिया व अन्य उर्वरकों के साथ जबरजस्ती अन्य उत्पादों की टैगिंग दुकानदार द्वारा की जाने की स्थिति में इसकी लिखित सूचना जिला कृषि अधिकारी कार्यालय अथवा दूरभाष नम्बर-7839882339 एवं 9793096573 पर दर्ज करा सकते है, जिससे संबन्धित विक्रेता के विरुद्ध दंडात्मक विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। जिले में खाद की कमी नहीं है, पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। किसान संतुलित मात्रा और आवश्यकता के हिसाब से ही उसका प्रयोग खेती में करें। जिससे उत्पादन में वृद्धि एवं लागत में कमी हो सके।

# विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर राजनैतिक दलों के साथ हुई मंत्रणा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश में विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर बुधवार को यहां एसडीएम की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक में एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने बताया कि इस अभियान के तहत बीएलओ घर घर मतदाताओं की सूची का पुनरीक्षण करेंगे। उन्होने कहा कि बीएलओ द्वारा तीन बार मतदाताओं के घर पहुंचकर छूटे नामों के प्रपत्र को प्राप्त किया जाएगा। उन्होने राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों से अविलम्ब बूथ लेबल एजेण्टो की सूची दिये जाने का आग्रह किया। एसडीएम ने बताया कि आगामी चार नवंबर से पुनरीक्षण के तहत वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम की शुरूआत होगी।



उन्होने कहा कि नौ दिसंबर को मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। उन्होने मतदाता के लिए निर्धारित साक्ष्यो की भी विस्तार से जानकारी दी। बैठक में निर्वाचन पटल प्रभारी सुरेश यादव ने राजनैतिक दलों को बीएलओ की सूची प्रदान करते हुए अन्य आवश्यक जानकारियां दी। बैठक में तहसीलदार गरिमा वर्मा, नायब तहसीलदार पंकज कुमार, नायब तहसीलदार वीरेन्द्र मिश्र, बीडीओ लालगंज मानवेन्द्र शर्मा, चकबंदी अधिकारी अविनाश कुमार पाण्डेय, बीडीओ रामपुर संग्रामगढ़ विजयशंकर मणि, भाजपा के जिला मंत्री अजय वर्मा, कांग्रेस के ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आम आदमी पार्टी के वृहस्पति पाण्डेय, सपा के रामधन यादव शामिल हुए।

### रोजगार मेले का आयोजन 30 अक्टूबर को

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ के द्वारा 30 अक्टूबर 2025 को पूर्वान्ह 10 बजे से माँ कुन्ती देवी महिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान सराय सुल्तानी रानीगंज में रोजगार मेले का आयोजन किया गया है जिसमें निजी क्षेत्र की 10 कम्पनियों द्वारा आपरेटर ट्रेनी, स्टोर एसोसिएट, बेलनेस एडवाइजर, ट्रेनी, पैकर्स एण्ड मुवर्स, एरिया आफिसर, आपरेटर, मशीन आपरेटर व सिक्योरिटी गार्ड के पदों पर बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में अपने साथ पंजीयन प्रपत्र, मूल शैक्षिक प्रमाण पत्र, सी0वी0 एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिये सर्वप्रथम अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल तवरहंतेंदहंउ.नच.हवअ.पदध्दबे.हव अ.पद पर आनलाइन पंजीयन करें।

# बैनामा करने आए पिता से भिड़ गई बेटी, काटा हंगामा

## हंगामा को लेकर एक बार फिर रजिस्ट्री कार्यालय सुर्खियों में

अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** तहसील मुख्यालय पर स्थित रजिस्ट्री कार्यालय एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। मामला पिता द्वारा बैनामा करने रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचने पर बेटी ने जमकर हंगामा कर दिया। हंगामा बढ़ने की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और पिता को हिरासत में लेकर कोतवाली गई है। इलाके के दमड़ी गांव निवासी सोनाली सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनके पिता गिरधर सिंह को पड़ोसी दो दिन से लेकर लापता थे। गुरुवार की सुबह वह जमीन का बैनामा करने के लिए पड़ोसियों के साथ रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचे। जिसकी जानकारी होने पर बेटी मौके पर पहुंच गई और पिता को बैनामा करने से रोकने लगी। ऐसे में रजिस्ट्री कार्यालय के भीतर



जमकर हंगामा काटा। हंगामा की सूचना पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और उनके पिता गिरधर सिंह को हिरासत में लेकर कोतवाली गई है। बेटी का आरोप है कि उसकी मां मानसिक दिव्यांग है। उनके घर पर और कोई नहीं है पिता द्वारा जमीन की बिक्री कर देने से उसकी मां के पालन पोषण के लिए आगे समस्या खड़ी होगी वह अपने लिए नहीं बल्कि अपनी मां के लिए इस जमीन के बैनामा का विरोध कर रही है। पुलिस तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल में जुटी है।

### संदिग्ध दशा में युवती ने निगला जहर, रेफर

**प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना क्षेत्र के सुक्खा का पुरवा में बुधवार को दोपहर जहरखुरानी से युवती की हालत गंभीर हो गयी। चर्चा के मुताबिक युवती ने संदिग्ध दशा में जहर निगल लिया। गांव के जीत लाल कोरी की पुत्री करिश्मा 20 ने दोपहर घर में अचानक जहर निगल लिया। हालत खराब होने पर आननफानन में परिजन उसे लालगंज ट्रामा सेंटर ले आये। यहां प्रारंभिक उपचार के बाद गंभीर दशा में करिश्मा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सगरा सुन्दरपुर चैकी इंचार्ज सुमित वर्मा का कहना है कि युवती के जहरखुरानी की सूचना मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### दो पर एससीएसटी का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** जमीनी रंजिश में हुई मारपीट को लेकर दो आरोपियो के खिलाफ मारपीट व एससीएसटी का मुकदमा दर्ज किया गया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के लीलापुर निवासी गेंदालाल कोरी पुत्र स्व0 अंगनू कोरी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सत्ताईस अक्टूबर की शाम करीब साढ़े छः बजे वह अपने भतीजे प्रहलाद कोरी पुत्र स्व0 रामराज कोरी के साथ अपनी बहन के यहां से घर वापस आ रहा था। आरोप है कि जमीनी रंजिश में गांव के अरविंद दुबे पुत्र लल्लू प्रसाद दुबे ने एक अज्ञात के साथ मिलकर उसे जबरन रोक लिया। आरोपियों ने जातिसूचक गाली देते हुए पीड़ित और उसके भतीजे को मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार का कहना है कि जांच के बाद दो आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला उद्योग एवं व्यापार बन्धु व श्रम बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के सम्बन्ध में उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1750 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, योजना के तहत 3466 आवेदन पत्र प्राप्त हुये है और बैंकों को 3466 आवेदन पत्र बैंकों को प्रेषित किये गया है, बैंकों द्वारा 817 आवेदन पत्र स्वीकृत किया गया है तथा 827 आवेदन पत्र वितरण की कार्यवाही की गयी है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के सम्बन्ध में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 165 का लक्ष्य मिला है जिनमें से 156 आवेदन पत्र बैंकों को प्रेषित



किये गये तथा 53 बैंकों द्वारा आवेदन पत्र स्वीकृत किये गये है और 50 आवेदन पत्रों पर वितरण की कार्यवाही की गयी है। इसी प्रकार एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना में 20 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिनमें से 22 आवेदन पत्र बैंकों को प्रेषित किये गये तथा 06 आवेदन पत्र स्वीकृत किये गये और 09 आवेदन पत्रों पर वितरण की कार्यवाही की गयी है। जिलाधिकारी ने सभी बैंक समन्वयकों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि बैंकों में जो भी लम्बित पत्रावलियां है तत्काल उस पर कार्यवाही करते हुये नियमानुसार वितरण की कार्यवाही की जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये।

बैठक में उपायुक्त उद्योग ने उद्यमियों की समस्याओं के सम्बन्ध में अब तक की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। उद्यमियों ने बैठक के दौरान अपनी-अपनी समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष अवगत कराया जिस पर जिलाधिकारी ने उद्यमियों को आश्वस्त करते हुये कहा कि जो भी शिकायतें है उस पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जा सके। इसी प्रकार व्यापार बन्धु की बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। श्रम बन्धु की समीक्षा में पाया गया कि श्रमिकों का पंजीयन बहुत ही कम हुआ है जिस पर डीएम ने कड़े निर्देश दिये कि श्रमिकों का पंजीयन ज्यादा से ज्यादा कराया जाये और उपायुक्त राज्य कर से समन्वय स्थापित कर पंजीयन को बढ़ाया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, सीओ सिटी प्रशान्त राज, उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी, उपायुक्त राज्य कर वेगराज सिंह व अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं उद्यमी मो0 अनाम एवं उद्यमीध्व्यापारी उपस्थित रहे।

# विवाहिता को मारपीट कर घर से भगाया, मुकदमा

**बेलखरनाथ धाम।** दिलीपपुर थाना क्षेत्र के गांगपाटी निवासी श्याम करन राय की पुत्री संध्या राय ने मंगलवार को दिलीपपुर पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी शादी नवंबर 2023 में सुल्तानपुर जनपद के कूडेभार थाना क्षेत्र के मानिकपुर (मीरापुर) निवासी राम शिरोमणि राय के बेटे विनोद कुमार राय के साथ हुई थी।

शादी के कुछ दिन बाद संध्या राय पर ससुराल के लोग दहेज में दो लाख नगदी और कार की मांग पूरी न होने पर मारपीट करते थे। अक्टूबर 2024 में संध्या ने एक बेटी को जन्म दिया, उसके बाद से संध्या का उत्पीड़न ससुरालियों द्वारा लगातार किया जाता रहा।अप्रैल 2025 में पुलिस और रिश्तेदारों के बीच पंचायत के माध्यम से समझौता हुआ था।बावजूद इसके संध्या राय का उत्पीड़न ससुराल के लोगों द्वारा किया जाता रहा।दस दिन पूर्व ससुरालीजनो ने संध्या को मारपीट कर बेटी के साथ घर से भगा दिया।मंगलवार को संध्या राय अपने पिता श्याम करन राय के साथ दिलीप पुर पुलिस को तहरीर दी, पुलिस ने संध्या राय की तहरीर पर सुल्तानपुर जनपद के कूडेभार थाना क्षेत्र के मानिक पुर निवासी पति विनोद कुमार राय, ससुर राम शिरोमणि राय, सास शोभावती राय के खिलाफ दहेज उत्पीड़न घरेलू हिंसा मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष दिलीपपुर अंकुर कैथवास ने बताया कि विवाहिता की तहरीर पर ससुराल के तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# घर से बुला कर ले गए चालक की हत्या करने के बाद सड़क पर शव फेंका

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के अंदावा गाँव के एक चालक को मंगलवार की रात 10:00 बजे घर से बुलाकर ले जाने के बाद उसकी हत्या करने के बाद शव को सड़क पर फेंक दिया गया है पेट्रोलिंग वाहन ने आधी रात को सड़क पर शव पड़ा देखा तो घटना की जानकारी पुलिस को दी है मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस का मानना है कि सड़क दुर्घटना में उसकी मौत हुई है जबकि उसकी बहन साफ तौर पर बयान दे रही है कि घर से बुलाकर ले जाने के बाद हत्या की गई है घर से बुला कर

**घर से बुलाकर ले जाने वाले रिंकू सरोज को गिरफ्तार कर घटना के बारे में कड़ाई से पूछताछ किए जाने की जरूरत है जिससे राधे श्याम गौतम की मौत का खुलासा हो सके**




ले जाने वाले ने मौत होने के बाद भी घर परिवार वालों को घटना की कोई जानकारी नहीं दी है बल्कि जब पुलिस ने सोशल मीडिया पर फोटो वायरल की तो उसके परिवार वालों को मौत की जानकारी हुई है जिस पर परिवार में कोहराम मच गया है और रोते बिलखते परिवार के लोग पुलिस चौकी पहुंच गए हैं।

जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के अन्दावा गांव निवासी मुन्नू गौतम की कुछ वर्षों पूर्व मौत हो चुकी है मन्नू की मौत के बाद उनकी पत्नी भी गूंगी है जो बोलती नहीं है मुन्नू की मौत के बाद उनका एक बेटा राधे श्याम गौतम उम्र 23 वर्ष वा बेटी राधादेवी परिवार में रहते हैं परिवार की रोजी-रोटी के लिए राधेश्याम वाहन को चलाकर अपना और अपने बहन का पेट पालता था मृतक राधेश्याम की बहन राधा देवी का आरोप है की मेरे भाई राधेश्याम को गाँव के रिंकू सरोज टैक्टर चलाने के लिए मंगलवार की रात 10 बजे घर से बुला ले गया है पुरानी रंजिश के चलते मेरे भाई राधेश्याम की हत्या करके शव सड़क पर फेक दिया है घर से बुला कर ले जाने वाले रिंकू सरोज ने घर वालो को घटना की कोई जानकारी नहीं दिया है और परिजनों को मोबाईल के माध्यम से हादसा की फोटो वायरल हुई तो पहचान किया गया है मौत होने के बाद भी घटना के बारे में घर वालों को टैक्टर मालिक ने कुछ नहीं बताया है राधेश्याम वाहन चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता था बीती रात अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से टैक्टर चालक राधेश्याम की सड़क हादसा मे मौत बताए जाने का प्रयास किया जा रहा है घर से बुला कर ले जाने के बाद हत्या करने वाले को जिससे राहत मिल सके उसकी बहन के बयान को नजर अंदाज किया जा रहा है चौकी पुलिस का कहना है कि हाइवे के किनारे मे शव पड़ा था पेट्रोलिंग वालो ने देखा तो शहजादपुर पुलिस चौकी मे सुचना दी सुचना पर पहुंची शहजादपुर चौकी प्रभारी गणेश कुमार ने शव को कब्जे मे लेकर पंचायत नामा कर पी एम के लिए भेजा दिया है पूरे प्रकरण में घर से बुलाकर ले जाने वाले रिंकू सरोज की भूमिका सवालों के घेरे में उसको गिरफ्तार कर घटना के बारे में कड़ाई से पूछताछ किए जाने की जरूरत है जिससे राधे श्याम गौतम की मौत का खुलासा हो सके।

## सराय अकिल में मनाया जाएगा रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया का जन्मदिन

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशांबी।** जनसत्तादल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया का जन्मदिन 31 अक्टूबर को है और इसी दिन सरदार वल्लभभाई पटेल का भी जन्मदिन है पार्टी ने निर्णय लिया है कि सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिन के साथ-साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया का जन्मदिन भी बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा पार्टी के प्रधान राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार ने समस्त पार्टी के कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों को अवगत कराया है कि दिनांक 31अक्तूबर 2025 को लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जन्मतिथि है तथा 31 अक्तूबर को ही जनसत्तादल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया का जन्म दिन भी है अतः आप समस्त पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण उक्त अवसर पर दिनांक



31अक्तूबर दिन शुक्रवार को चायल विधान सभा के पूर्व प्रत्यासी अनिल केशरवानी के प्रधान कार्यालय सराय अकिल मे 11बजे जन्मोत्सव कार्यक्रम मे पहुंचकर उक्त कार्यक्रम को भव्य बनायें इस अवसर पर पूर्व सासंद एवं पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शैलेन्द्र कुमार तथा किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बलवीर सिंह युवावाहिनी के जिलाध्यक्ष अश्वनी सिंह सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढायेंगे उक्त जानकारी इरफान अहमद जिलाध्यक्ष जनसत्तादल लोकतांत्रिक पार्टी ने दी है।




## फरियादियों को स्वच्छ पानी पीने के लिए अधिकारियों ने बनाई क्या दिव्य व्यवस्था!

**कौशांबी।** गांव दूर क्षेत्र से जनपद मुख्यालय मंझनपुर के विकास भवन परिषद आने वाले फरियादियों के पानी पीने की दिव्या व्यवस्था अधिकारियों ने बनाई है पानी पीने की मशीन के नीचे शौचालय टैंक होने से पूरे दिन दुर्गंध उठाती है पानी पीने की मशीन के बगल में कूड़े का ढेर लगा है जिससे वहां पर 1 मिनट खड़ा होना भी मुश्किल होता है पानी पीने की मशीन में साल भर बीत जाने के बाद भी साफ सफाई न होने से गंदगी और कीटाणु का साम्राज्य है स्वच्छ भारत अभियान में सरकार स्वच्छता की बात कर रही हैं गांव-गांव फोटो खिंचवाकर मुख्यमंत्री को फोटो अपलोड किया जा रहा है लेकिन जनपद मुख्यालय में कौशांबी की बेहतर स्वच्छता व्यवस्था विकास भवन के पास लगी पानी मशीन में देखी जा सकती है। पानी पीने की मशीन सीडीओ कार्यालय से कुछ दूरी पर सरस हाल भवन के नीचे लगाई गई है जहां नीचे शौचालय का टैंक बना है मशीन के ऊपर काई जमा है जिसमें फरियादी पानी पीते हैं अब सवाल उठता है कि क्या कौशांबी का स्वच्छ भारत मिशन में अभियान इसी तरह लोगों को गंदा पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ेगा यही स्वच्छ भारत मिशन का अभियान है अधिकारी तो बंद बोतल का पानी पीते हैं और मशीन का पानी तो गांव दूर से आने वाली गरीब जनता पीती है जिसके लिए इतनी दिव्या व्यवस्था कौशांबी में अधिकारियों ने की है।

## दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को सैनी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र में 21 अक्टूबर 2025 को वीर सिंह पुत्र रामचन्द्र निवासी पचासा थाना सैनी द्वारा एक बालिका को वरगला कर व नौकरी दिलाने का झांसा देकर दुष्कर्म किया एवं जान से मारने की धमकी दी गई है थाना पर सुसंगत धारओं में अभियोग पंजीकृत हुआ थाना सैनी पुलिस टीम द्वारा उक्त अभियोग से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त वीर सिंह पुत्र रामचन्द्र निवासी पचासा थाना सैनी को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेजा गया।

## रन फॉर यूनिटी दौड़ का 31 अक्टूबर को आयोजन

**कौशांबी।** जिला खेल कार्यालय कौशाम्बी द्वारा लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के 150वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय अखण्डता दिवस पर रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन दिनांक 31 अक्टूबर,2025 को प्रातः 07 बजे जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया जा रहा है। यह जानकारी उप क्रीड़ाधिकारी अजय प्रताप साहू ने देते हुए अधिक से अधिक खिलाड़ियों वा अन्य व्यक्तियों से प्रतिभाग करने का आग्रह किया है।

# बाराबंकी नारकोटिक्स विभाग ने कौशांबी में पकड़ा 60 किलो गांजा

**● आबकारी विभाग और सैनी कोतवाली पुलिस के कारनामे ने एक बार फिर कर दी वर्दी को कलंकित**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** जिले में गांजा का बड़ा कारोबार तेजी से संचालित हो रहा है थाना पुलिस से लेकर आबकारी विभाग तक गांजा माफिया के घुटनों में गिरे दिखाई पड़ते हैं गांजा माफिया पर कभी भी आबकारी विभाग और थाना पुलिस द्वारा बड़ी कार्यवाही नहीं की जाती है जब बड़ी कार्यवाही गांजा माफिया पर होती है तो नारकोटिक्स विभाग के अफसरों द्वारा गांजा माफिया पर बड़ी कार्यवाही की जाती है जिले के चौराहे बाजार गांव तक खुलेआम गांजा बिक रहा है तमाम जनता गांजा बिक्री से परिचित है जिले के 30000 व्यक्ति रोज गांजा पीते हैं और उनके लिए गांजा की उपलब्धता होती है लेकिन गांजा माफियाओं पर ठोस कार्रवाई न होने के बाद आबकारी विभाग और थाना पुलिस के कारनामे पर बड़े सवाल खड़े होते हैं नारकोटिक्स विभाग द्वारा बुधवार को सैनी कोतवाली क्षेत्र से 60 किलो गांजा बरामद किए जाने के बाद आबकारी अधिकारी और सैनी कोतवाली पुलिस




के कारनामे से एक बार फिर वर्दी कलंकित होती दिख रही है। सैनी कोतवाली से कुछ कदम की दूरी पर जीटी रोड में खुलेआम गांजा का बड़ा व्यवसाय लंबे समय से संचालित हो रहा था नारकोटिक्स विभाग की टीम ने बुधवार की सुबह छापामार कर संजय त्रिपाठी उर्फ धर्मेंद्र पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी अकबरपुर सिपाह थाना कड़ा धाम वा संदीप कुमार पुत्र अमृतलाल निवासी नेवारी थाना करारी वा पंकज विश्वकर्मा पुत्र सोम शर्मा निवासी मुराइन का पुरवा थाना सैनी वा रामकुमार सोनकर पुत्र अमृतलाल निवासी शहजादपुर थाना कोखराज वा राहुल यादव पुत्र मनोज कुमार निवासी दुर्गा सराय थाना बाघ राय जनपद प्रतापगढ़ वा सुनील जायसवाल पुत्र फूलचंद जायसवाल निवासी मुराइन का पुरवा थाना सैनी वा सुनील कुमार पटेल पुत्र परमानंद पटेल निवासी मुरली का पुरवा थाना बाघ राय जनपद प्रतापगढ़ के कब्जे से लगभग 60 किलो गांजा बरामद करने के बाद उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की है मौके से इलेक्ट्रॉनिक कांटा 6 मोबाइल दो बाइक 15000 रुपए लगभग नगद वा 59 किलो 245 ग्राम गांजा टीम ने बरामद किया है बरामद गांजा की कीमत 15 लाख रुपए लगभग बताई जाती है क्षेत्र में माफियाओ द्वारा खुलेआम गांजा की बिक्री किया जा रहा था पुलिस अधिकारी लगातार माफियाओ पर कार्रवाई का निर्देश दे रहे थे लेकिन अवैध गांजे का कारोबार करने वालो पर आबकारी अधिकारी और कोतवाली पुलिस की लगातार मेहरबानी बनी हुई है जिससे गांजा माफिया का धंधा दिनों दिन बढ़ता जा रहा था क्षेत्र के गांजा माफिया के प्रतिष्ठान पर नारकोटिक्स विभाग ने छापा मारकर 60 किलो लगभग गांजा के साथ कई लोगों को गिरफ्तार किया है नारकोटिक्स विभाग की कार्यवाही के बाद एक बार फिर आबकारी अधिकारी और सैनी कोतवाली पुलिस के कारनामे पर नारकोटिक्स विभाग के अफसर ने जोरदार तमाचा है आबकारी अधिकारी और सैनी कोतवाली पुलिस के संरक्षण में गांजा बिक रहा था नारकोटिक्स विभाग बाराबंकी को सूचना मिली कि कौशांबी में गांजा बिकता है बाराबंकी की टीम 200 किलोमीटर दूर से आकर के कौशांबी में छापा मार करके 60 किलो गांजा बरामद कर रही हैं नारकोटिक्स विभाग के कार्यवाही पर सैनी कोतवाली पुलिस और आबकारी अधिकारी अपने संलिप्तता के बाद भी वाहवाही लूट रहे कि उसने गांजा बरामद किया जबकि सैनी कोतवाली पुलिस के संरक्षण में गांजा माफिया फल फूल रहे थे यदि नारकोटिक्स विभाग के अधिकारी बाराबंकी से कौशांबी नहीं आते तो गांजा बरामद नहीं होता गांजा माफिया के संरक्षण से 60 किलो गांजा बरामद किए जाने के मामले में सैनी कोतवाली पुलिस और आबकारी अधिकारियों को अभी तक निलंबित नहीं किया गया है सैनी कोतवाली पुलिस और आबकारी अधिकारियों के गांजा माफियाओं से साठगांठ के कारनामे पर विभागीय जांच शुरू करते हुए अभी तक कठोर कार्रवाई नहीं की गई है।

# व्यापारी के साथ मारपीट कर झुंड ने लूट लिए रुपए

अखंड भारत संदेश

**व्यापारियों के समर्थन में उतरा व्यापार मंडल संगठन धरना प्रदर्शन कर जताया विरोध**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर थाना क्षेत्र के ओसा मंडी में व्यापारी अनुज कुमार के साथ मारपीट कर पूरे झुंड ने उनके रुपए लूट लिए हैं मामले की सूचना मिलने के बाद व्यापारियों में आक्रोश फैल गया है और व्यापार मंडल के पदाधिकारी भी व्यापारी के समर्थन में उतर आए हैं आक्रोशित व्यापारियों ने मंडी गेट पर धरना प्रदर्शन आंदोलन शुरू कर दिया है मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी पहुंचे हैं और व्यापारियों को समझा बूझकर कार्यवाही करने का शासन देकर उन्हें शांत कराया है। जानकारी के मुताबिक मंझनपुर थाना क्षेत्र के ओसा मंडी में व्यापारी अनुज कुमार की कार मंडी समिति परिसर में खड़ी थी जिस पर गौरा डेरा पर के रहने वाले कुछ अराजक तत्वों ने कार में जानबूझ कर पथराव किया, जिससे व्यापारी अनुज कुमार के कार की लाइट टूट गई किसके बाद अराजक तत्वों ने फोन करके गांव को लोगों को बुला लिया और अराजक तत्वों के बुलाने पर डेरा पर के 40 से 50 लोग लाठी डंडा लेकर व्यापारियों के पास पहुंच गए और



गाली गलौज कर व्यापारियों से झगड़ा लड़ाई करने लगे व्यापारी के साथ मारपीट की उनके पास मौजूद रुपए लूट लिया गए व्यापारियों को चोटें आईं। इस घटना के बाद राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष अरविंद केसरवानी ने आक्रोश व्यक्त किया और पुलिस से कार्रवाई की मांग की।इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की पुलिस ने बताया कि अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।ओसा मंडी में हुई इस घटना से व्यापारियों में आक्रोश है और वह पुलिस से सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष अरविंद केसरवानी ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा के लिए पुलिस को सख्त कदम उठाने होंगे मंडी समिति परिसर के अंदर जिस तरह से अराजक तत्वों ने 40 से 50 लोग एकत्रित होकर के व्यापारियों पर हमला बोला है इससे अपने आप में कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं कि अब व्यापार करना भी चुनौती से भरा हो गया है और अराजक तत्वों का हौसला इस कदर बढ़ गया कि वह व्यापारी का नुकसान करते हैं फिर मारपीट करते हैं फिर उनके साथ लूटपाट करते हैं यहां तो जंगल राज बना दिया गया है मौके पर पुलिस मौजूद थी लेकिन व्यापारी के साथ झुंड ने मारपीट कर दिया लेकिन झुंड का विरोध पुलिस नहीं कर सकी है।

## प्रेम में पागल बालिका ने खाया जहर इलाज में हुई मौत

**कौशांबी** कोखराज थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी शहजादपुर अंतर्गत ग्राम शिवपुर की एक बालिका ने प्रेम में पागल होकर जहरीला पदार्थ खा कर जान देने की बात कही स्कुटी से समदा चौराहे से भरवारी की तरफ जाते समय शारदा कोल्ड स्टोर के पास रोड़ किनारे गाडी खडी कर वह उल्टी करने लगी तभी बेहोश होकर रोड किनारे गिर पड़ी और बेहोशी हालात में रोड से आने जाने वाले राहगीरों की नजर पड़ी तो तुरंत एंबुलेंस को फोन लगा कर बुलाया गया।चौकी इंचार्ज कादीपुर को राहगीरों द्वारा सुचना दी गई।तत्काल एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया गया। जिला अस्पताल पहुंचते ही बालिका की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तत्काल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गाडी व बैग एवं फोन कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

## एसडीएम के बेलगाम ड्राइवर के आतंक से सड़कों पर खौफ

**कौशांबी।** जिले के एक एसडीएम के ड्राइवर का आतंक इस कदर व्याप्त है कि इस ड्राइवर के वाहन को देखते ही सड़क पर चलने वाले लोग खौफ खाने लगते हैं और सड़क छोड़कर पटरी पर भागने को मजबूर हो जाते हैं बेहिसाब अनियंत्रित गति से एसडीएम के वाहन को सड़कों पर भागना इस एसडीएम के ड्राइवर की आदत में शुमार है एसडीएम के बेलगाम ड्राइवर का आतंक प्रतिदिन सड़कों पर देखा जाता है जिससे लोग भयभीत दिखाई पड़ते हैं इस बेलगाम ड्राइवर के लिए तो अलग से वीबीआईपी सड़क बनाए जाने की जरूरत है बताया जाता है कि एसडीएम की गाड़ी का नंबर 2964 है जिसका ड्राइवर इस कदर बेलगाम है कि वह कभी भी वाहन में ब्रेक लगाना नहीं जानता है और खुद अपने को बादशाह समझता है केवल एक्सीलेटर दबाकर गाड़ी को भगाना उसकी ड्राइवरी में शामिल है आखिर इसके ड्राइवरी लाइसेंस बनाते समय इसकी टेस्टिंग कैसे हुई है या फिर दबाव में इसको ड्राइवर के लाइसेंस जारी कर दिया गया है तेज गति से वाहन चलाना यातायात नियम की धज्जियां उड़ाते हुए कानून व्यवस्था पर एसडीएम का ड्राइवर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है अनियंत्रित गति से वाहन चलाने वाले एसडीएम के ड्राइवर और एसडीएम की गाड़ी पर यातायात पुलिस और थाना पुलिस मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही करने का साहस नहीं कर पाती है क्योंकि मामला मजिस्ट्रेट का ड्राइवर का है जिससे एसडीएम के ड्राइवर का मनोबल दिनों दिन बढ़ता जा रहा है और वह बेलगाम है हालांकि जहां इस एसडीएम के ड्राइवर के तेज गति से वाहन चलाने से आम जनता में खौफ पैदा हुआ है वहीं एसडीएम के ड्राइवर के तेज गति से वाहन चलाने का खामियाजा कभी भी एसडीएम को भी भुगतना पड़ सकता है उसके बाद भी एसडीएम ने अपने ड्राइवर के बेलगामी पर रोक नहीं लगाई है ताजा मामला जनपद मुख्यालय मंझनपुर के तहसील रोड पर 29 अक्टूबर की सुबह 11:50 पर देखने को मिला है जब एसडीएम का बेलगाम ड्राइवर सड़क के बाएं साइड को छोड़कर सड़क के दाहिने साइड के हिस्से को पूरी तरह से बाधित करते हुए बेतहाशा तेज गति से वाहन को दौड़ा रहा था जिस पर सामने से आ रहे वाहन चालक भयभीत हो गए और सड़क छोड़कर इंटरलॉक की पटरी पर भाग कर अन्य वाहन चालकों ने अपनी जान बचाई है वरना बड़ा हादसा हो जाता है सवाल उठता है कि जब एसडीएम अपने बेलगाम चालक पर लगाम लगाने में असफल साबित होंगे तो फिर कानून व्यवस्था पर अफसर कैसे अंकुश लगाते होंगे। एसडीएम के ड्राइवर की बेलगामी पर मजबूर आम जनता ने यदि कदम उठाया तो शासन प्रशासन इसे कानून व्यवस्था को चुनौती मानेगा तो फिर एसडीएम के बेलगाम ड्राइवर पर शासन प्रशासन कब कार्यवाही करेगी कब अंकुश लगाया जाएगा आम जनता इसका जवाब अधिकारियों से चाहती है।

## न्यूज झरोखा

### भारत के मुख्य न्यायाधीश के आगमन के दृष्टिगत डीएम ने महेश्वरी प्रसाद इंटर कॉलेज का किया निरीक्षण



**हर्रायपुर कौशांबी।** भारत के मुख्य न्यायाधीश मा.न्यायमूर्ति श्री भूषण रामकृष्ण गवई जी का महेश्वरी प्रसाद इंटर कॉलेज,आलमचन्द में दिनांक 01 नवम्बर, 2025 को प्रस्तावित आगमन के दृष्टिगत जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने बुधवार को निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जिलाधिकारी ने जिला पंचायतराज अधिकारी को कार्यक्रम स्थल एवं रूट की साफ-सफाई सुनिश्चित कराने तथा क्षेत्राधिकारी को पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित के साथ ही सुरक्षा से संबंधित सभी कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी चायल अरुण कुमार, क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह एवं अधिशासी अभियंता लोनिवि हरवंश सिंह विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी शिक्षक उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में स्थित विभागों पटलों का किया निरीक्षण



**कौशांबी** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने मंगलवार को कड़ा धाम स्थित मां शीतला माता का दर्शन पूजन करने के बाद कलेक्ट्रेट पहुंचकर कोषागार में कार्य भार ग्रहण किया है और उसके बाद बुधवार को कलेक्ट्रेट में स्थित विभागों पटलों का निरीक्षण किया जिलाधिकारी ने राजस्व अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान आर.आर.के.अशोक कुमार से कार्यों कि जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि समयबद्ध नकल जारी किया जाय, कोई नकल लम्बित न रखा जाय। उन्होंने शस्त्र अनुभाग, नजारत,संग्रह अनुभाग,आई.जी.आर.एस., निर्वाचन कार्यालय,चकबंदी कार्यालय, आबकारी कार्यालय, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन कार्यालय आदि के निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि पत्रावलियों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित किया जाय,पत्रावलियों को लंबित न रखा जाय। जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि आमजन से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय। अभिलेखों का रखरखाव व्यवस्थित तरीके से सुनिश्चित किया जाय। कार्यालय की साफ-सफाई बेहतर रखी जाय। उन्होंने सभी पटल सहायकों को नेम प्लेट लगाने के निर्देश दिए।

### सीएचसी आलमचन्द का डीएम ने किया निरीक्षण



**हर्रायपुर कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने सीएचसी, आलमचन्द का बुधवार को निरीक्षण किया। डीएम ने निरीक्षण के दौरान सीएमओ से चिकित्सकों की उपलब्धता, प्रतिदिन ओपीडी व दवाओं की उपलब्धता आदि की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने लैब, फार्मासिस्ट कक्ष एवं वार्ड के निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी से कहा कि मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाय। मरीजों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार किया जाय। उन्होंने मरीज से वार्ता कर उपलब्ध हो रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि सभी चिकित्सक एवं स्टाफ समय से अस्पताल में उपस्थित होकर मरीज को देखें।इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, उप जिलाधिकारी अरुण कुमार व क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी सहित समस्त टीमों का जबरजस्त प्रदर्शन

**भवंस 14वीं नॉर्थ एंड नॉर्थ ईस्टर्न रीजन स्कूल एथलेटिक्स एंड कल्चरल मीट का प्रथम दिवस**

**भरवारी कौशांबी** भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी में 29 अक्टूबर को भवंस 14वीं नॉर्थ एंड नॉर्थ ईस्टर्न रीजन स्कूल एथलेटिक्स एंड कल्चरल मीट की शुरूआत निदेशक संदीप सक्सेना के निर्देशानुसार मुख्य अतिथि भवंस मेहता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रबोध श्रीवास्तव,मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य वशिष्ठ तिवारी एवं चंदन शर्मा ने उप-प्रधानाचार्य सुधाकर सिंह की उपस्थिति में मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलन किया इसके बाद कार्यक्रम की शुरूआत हुई।कार्यक्रम की शुरूआत से पहले भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी के छात्रों ने अनेक मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मनमोह लिया।प्रतियोगिता के सांस्कृतिक कार्यक्रम में आज इंग्लिश एलोकेशन में अरुणिमा शर्मा प्रतापनगर जयपुर प्रथम, सत्यम शर्मा अमृतसर द्वितीय एवं जैनब फातिमा भरवारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।इसी क्रम में गीता श्लोक चैटिंग कंपटीशन में शिवांगी तिवारी भरवारी प्रथम,उन्नति सिंह सिसोदिया जयपुर द्वितीय एवं सुहानी विजय प्रतापनगर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।योगा प्रतियोगिता में प्रतापनगर टीम प्रथम,अमृतसर द्वितीय एवं जयपुर तथा दिल्ली की टीम को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।इसी प्रकार एथलेटिक्स के अंतर्गत 400 मीटर ब्वॉयज







रेस में अभिषेक कुमार भरवारी प्रथम, यीशु चौधरी जयपुर द्वितीय एवं सक्षम बत्रा दिल्ली को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।लड़कियों के 400 मीटर रेस में जयपुर प्रथम,प्रतापनगर जयपुर द्वितीय एवं भरवारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।100 मीटर ब्वॉयज रेस में दिल्ली प्रथम प्रतापनगर द्वितीय एवं भरवारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ लड़कियों के 100 मीटर रेस में जयपुर प्रथम,भरवारी द्वितीय एवं प्रतापनगर जयपुर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।कार्यक्रम के इसी क्रम में भालाफेंक में भवंस मेहता भरवारी प्रथम,जयपुर द्वितीय एवं अगरतला को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।लंबी कूद गर्ल्स में दिल्ली प्रथम,प्रतापनगर जयपुर द्वितीय भवंस जयपुर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।लंबी कूद ब्वॉयज में भरवारी प्रथम,जयपुर द्वितीय एवं जयपुर प्रतापनगर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।आज के दिन की सबसे आकर्षक दौड़ में से एक मानी जाने वाली रिले रेस में भवंस मेहता भरवारी ने प्रथम प्रतापनगर जयपुर एवं दिल्ली टीम ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान ग्रहण किया।प्रतियोगिता के प्रथम दिवस की समाप्ति से पहले समस्त छात्रों को उनके रिजल्ट के हिसाब से मेडल,प्रशस्ति पत्र तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।अंत में उप-प्रधानाचार्य सुधाकर सिंह,स्कूल कॉर्डिनेटर मोहम्मद नसीम ने आए हुए समस्त अतिथियों,छात्रों एवं अभिभावकों का धन्यवाद देते हुए आज की प्रतियोगिता का सफलता पूर्वक समाप्त होने की घोषणा करते हुए कल होने वाले प्रतियोगिता में उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया।इस अवसर पर समस्त छात्र छात्राएं,अध्यापक गण एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## ब्लाक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

**कशिया पश्चिम कम्पोजिट विद्यालय में खंड शिक्षा अधिकारी सिराथू प्रज्ञा सिंह ने की खेलकूद की शुरूआत**



**कोखराज कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के कशिया पश्चिम स्थिति कम्पोजिट विद्यालय में ब्लाक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत खंड शिक्षा अधिकारी सिराथू प्रज्ञा सिंह ने बुधवार को किया है इस प्रतियोगिता में तमाम विद्यालयों के विद्यार्थी शामिल हुए और वह चढ़कर खेल में हिस्सा ले रहे हैं खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विद्यालय प्रांगण में कबड्डी प्रतियोगिता खो खो,व 200 मीटर 100 मीटर दौड़ की प्रतियोगिता आयोजित की गयी है जिसमें ब्लाक सिराथू के राला, विदनपुर ,ककोढा,जमाल मऊ,काकरा बाद,उलाचू पुर,रूपनारायण पुर सैलाबी आदि प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों ने प्रति भाग लिया जिसमें सभी विद्यालयों के बच्चों के साथ साथ प्रधानाचार्य भी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे उन्होंने बताया कि बाल कीड़ा प्रतियोगिता के दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रति भाग करने वाले सभी बच्चों को भोजन करने की भी ब्यवस्था की गयी थी ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगिता की अध्यक्षता कम्पोजिट विद्यालय के प्रधानाचार्य सचिन ओझा ने की खेल की जिम्मेदारी निभा रहे नीरज कुमार,पीटी के अध्यापक आलोक कुमार पटेल,संघ प्रिया, सहायक अध्यापक विद्या चरण शुक्ला,रुचि मिश्रा, पुष्पा सिंह,अभिलाषा सिंह,ज्योति,आदि उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# छठ पर्व में राजनीति की घुसपैठ

**पूर्वांचलियों** के लिए महापर्व समान छठ पूजा चार दिनों की धूमधाम के साथ संपन्न हुई। बीते कुछ बरसों में बिहार और उत्तरप्रदेश के अलावा दिल्ली, मुंबई, कोलकाता जैसे महानगरों में भी छठ की धूम दिखने लगी है, क्योंकि इन राज्यों में बड़ी संख्या में रोजगार, शिक्षा या व्यवसाय के लिए पूर्वांचल से लोग आकर बस गए हैं। छठ पर्व में 36 घंटे का कठिन व्रत किया जाता है और व्रतियों के अलावा पूरा परिवार स्वच्छता पर खास ध्यान देता है। इस पर्व में नदियों की महत्ता, खेती का सम्मान नए सिरे से रेखांकित किया जाता है। छठ का प्रसाद घर पर ही बनता है, और इसी का वितरण सबमें होता है। अर्घ्य देने के वक्त सूप में गन्ना, मूली, कंद, सेब, केले जैसे मौसमी फल होते हैं। इस लिहाज से देखें तो दीपावली, करवा चौथ, क्रिसमस आदि के विपरीत छठ पर्व ने अब तक बाजार को अनाधिकार प्रवेश से रोक कर रखा है। हालांकि राजनीति ने लोक आस्था के इस पर्व में अपनी घुसपैठ कर ही ली है।

हिंदी पट्टी पर भाजपा धार्मिक भावनाओं को भुनाते हुए ही अपना दबदबा बढ़ा पाई है। पहले ये भावनाएं राम मंदिर से जुड़ी हुई होती थीं, अब मंदिर बन गया है तो भाजपा ने अपनी रणनीति में हिंदू धर्म के पर्व त्योहारों को सियासत का जरिया बना लिया है। नवरात्रि पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व्रत और कन्यापूजा करते दिखते हैं। रामलीलाओं का हिस्सा बनते हैं। दीपावली पर अयोध्या में दीए जलाने का रिकार्ड बनने लगा है और अब दिल्ली जीतने के बाद यहां भी यह सिलसिला शुरू हो गया है। छठ पूजा पर भी दिल्ली में हलचल रहती ही थी, लेकिन इस बार बिहार चुनाव के कारण भाजपा ने मानो इसे अपना राजनैतिक पर्व मनाने के लिए इस्तेमाल किया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी अर्घ्य देते नजर आईं, ताकि पूर्वांचलियों से निकटता दिखा सकें। इस बार तो राष्ट्रपति मुर्मू के अर्घ्य देने की तस्वीरें भी सामने आईं। बिहार के नेताओं के घरों पर शुरू से छठ पूजा होती रही है। लेकिन बिहार चुनावों के कारण सोशल मीडिया पर सभी ने छठ पूजा की खूब सारी तस्वीरें डालीं, ताकि जनता को बताया जा सके कि छठी मैया से उन्होंने आशीर्वाद मांगा है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस बार तस्वीरों की इस प्रतियोगिता में चूक गए। उनकी तैयारी तो पूरी थी कि दिल्ली के वासुदेव घाट पर जाकर अर्घ्य वे दें और फिर उन तस्वीरों को जनता तक पहुंचाएं। भाजपा समर्थित मीडिया के कुछ एंकर्स भी वासुदेव घाट जाकर, रेखा गुप्ता का साक्षात्कार कर यह माहौल बना चुके थे कि भाजपा सरकार के आते ही यमुना नदी साफ हो गई है। लेकिन इन्हीं खबरों के बरक्स आम आदमी पार्टी के दिल्ली अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज और कुछ पत्रकारों ने यमुना नदी की सफाई की पोल खोल दी, जिसकी वजह से प्रधानमंत्री मोदी को उगते सूर्य को अर्घ्य देने और बिहार चुनाव से ठीक पहले छठी मईया के नाम पर भावनाओं को भुनाने का मौका नहीं मिला। भाजपा ने प्रधानमंत्री मोदी के आने को लेकर कई जगह पोस्टर-बैनर लगाए थे। खुद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता इस अवसर के इंतजार में थीं कि श्री मोदी वासुदेव घाट पर डुबकी लगाते तो हाईकमान के सामने उनके अंक कुछ और बढ़ जाते।

# एसआईआर की सार्थक पहल का विरोध नहीं, स्वागत हो

-ललित गर्ग-



**मुख्य** चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बिहार के बाद अब देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष ग्रहण पुनरीक्षण (एसआईआर) की शुरूआत करने की घोषणा करके चुनाव विसंगतियों एवं कमियों को दूर करने का सराहनीय एवं साहसिक कार्य किया है। यह पहल न केवल तकनीकी या प्रशासनिक प्रक्रिया भर है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत करने की एक निर्णायक कोशिश है। लोकतंत्र की आत्मा उसके निर्वाचन तंत्र की निष्पक्षता और पारदर्शिता में बसती है और चुनाव आयोग का यह कदम उसी दिशा में एक ठोस, सकारात्मक और आवश्यक प्रयास के रूप में देखा जाना चाहिए। बिहार की एसआईआर प्रक्रिया से सबक लेते हुए इस बार आयोग ने प्रक्रिया के लिए अधिक समय दिया है, ताकि बिहार जैसी जल्दबाजी और अफरातफरी से बचा जा सके। आधार कार्ड को एक सहायक दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया सरल बनेगी।

निश्चित ही इस बार 12 राज्य संख्या में ज्यादा हैं तो चुनौती भी उसी हिसाब से ज्यादा बड़ी है। उम्मीद कर सकते हैं कि बिहार में पुनरीक्षण प्रक्रिया में आई दिक्कतें अब आयोग के लिए अनुभव का काम करेंगी और वहां जैसी परेशानी बाकी जगहों पर लोगों को नहीं उठानी पड़ेगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने एसआईआर के शिड्यूल का ऐलान करते हुए कहा कि प्रक्रिया यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी योग्य मतदाता छूट न जाए और कोई भी अयोग्य मतदाता लिस्ट में शामिल न हो। जिन राज्यों को दूसरे चरण में चुना गया है, उनमें उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, गोवा, केरल, पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप हैं, इनमें से केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। असम में भी अगले ही साल विधानसभा चुनाव है, लेकिन उसे दूसरे चरण से बाहर रखा गया। आयोग ने इस बार आधार कार्ड को लेकर रुख पहले ही साफ कर दिया है कि यह जन्म, नागरिकता या निवास प्रमाण पत्र के रूप में मान्य नहीं होगा, लेकिन एसआईआर में इसे एक डॉक्युमेंट के रूप में पेश किया जा सकेगा। यह स्पष्टता इसलिए जरूरी थी, क्योंकि बिहार में पहले चरण के दौरान आधार कार्ड का मसला सुप्रीम कोर्ट तक चला गया था। दस्तावेज ऐसे होने चाहिए, जो अधिकतम आबादी की पहुंच में हों और आधार आज पहचान का सबसे सरल जरिया है।

मतदाता सूची की सटीकता, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता लोकतंत्र की रीढ़ है। भारत जैसे विशाल और विविधता वाले देश में मतदाता सूची की सटीकता सबसे बड़ी चुनौती है। इसलिये एक निश्चित अन्तराल के बाद एसआईआर की प्रक्रिया होते रहना अपेक्षित है। इसके पहले एसआईआर करीब दो दशक पहले किया गया था। कम से कम अब तो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि एसआईआर में इतना अंतराल न आने पाए, क्योंकि अब लाखों लोग नौकरी-पेशे के चलते अन्यत्र चले जाते हैं। इनमें से अधिकांश वहीं बस जाते हैं। कई बार देखा गया है कि मृत व्यक्तियों के नाम सूची में बने रहते हैं, वहीं नये पात्र नागरिकों के नाम दर्ज नहीं हो पाते। ग्रामीण इलाकों से लेकर महानगरों तक, इस विसंगति के चलते मतदान प्रतिशत प्रभावित होता है और चुनावी परिणामों की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगता है। एसआईआर का मकसद किसी की नागरिकता तय करना या ज्यादा से ज्यादा लोगों को वोटर लिस्ट से बाहर करना नहीं है। इसे इतना सरल होना चाहिए, जिससे लोग वोटर बनने के लिए प्रेरित हों और उनमें लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व के लिए उत्साह जगे। मुख्य चुनाव आयुक्त की यह पहल-इन खामियों को दूर करने की दिशा में एक संगठित और वैज्ञानिक लोकतांत्रिक प्रयास है। यदि यह कार्य धरातल पर ईमानदारी से लागू हुआ, तो यह मतदाता सूची की पवित्रता और लोकतंत्र की गरिमा दोनों को बढ़ाएगा।

भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिये यह बहुत जरूरी है, इसके लिये राजनीतिक दलों की भूमिका एवं सहयोग अपेक्षित है, वे इस प्रक्रिया को सकारात्मक दृष्टि से लें। इस सराहनीय एवं नितांत अपेक्षित उपक्रम के लिये विपक्षी दलों के द्वारा विरोध का वातावरण बनाना एवं आस्तीनें चढ़ाना उनकी विश्वसनीयता एवं जिम्मेदारी पर प्रश्न खड़ा करता है। अक्सर देखा गया है कि जब चुनाव आयोग सुधारात्मक कदम उठाता है, तो विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने हितों के अनुसार प्रतिक्रिया देते हैं। परंतु लोकतंत्र का स्वास्थ्य तब ही सुदृढ़ होगा जब सभी दल ह्यपारदर्शिताह्न को ह्यराजनीतिक लाभ-हानिह्न से ऊपर रखेंगे। विपक्ष को चाहिए कि वह इस पहल का विरोध करने की बजाय स्वागत करे और इसे सही दिशा में लागू कराने में सहयोग दे, न कि शंका और अविश्वास के चश्मे से देखे। बहरहाल, राजनीतिक पार्टियों की यह महती जिम्मेदारी है कि वे सिर्फ दोषारोपण करने तक सीमित न रहें, बल्कि इस पूरी प्रक्रिया में अपनी जिम्मेदारियां निभाएं। इसी तरह, नागरिक संगठनों के लिए भी यह सक्रिय होने का समय है। उनकी निगरानी बीएलए के काम को अधिक सरल व सटीक बना सकती है। कुल मिलाकर पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का सपना दिखाने वाले चुनाव आयोग के सामने अभी अपनी इस प्राथमिक जिम्मेदारी को ही निर्विवाद रूप से पूरा करने की चुनौती है।

डिजिटल युग में चुनाव सुधार केवल मानव संसाधन या प्रशासनिक इच्छाशक्ति का नहीं, बल्कि तकनीकी पारदर्शिता का भी प्रश्न है। बायोमेट्रिक सत्यापन, ऑनलाइन नामांकन और डेटा क्रॉस-वेरिफिकेशन जैसे उपाय अब आवश्यक हो चुके हैं। विशेष ग्रहण पुनरीक्षण इस दिशा में आधारभूत कार्य करेगा यानी चुनावी डाटा की सफाई और पुनर्गठन। भारत की चुनावी प्रक्रिया विश्व में सबसे बड़े लोकतांत्रिक अभ्यास के रूप में जानी जाती है। लेकिन यह गौरव तभी सार्थक होगा जब मतदाता सूची, मतदान केंद्रों की निष्पक्षता और आचार संहिता के पालन में कोई संदेह न रहे। चुनाव आयोग की यह पहल उसी लक्ष्य की ओर एक ठोस कदम है। लोकतंत्र केवल मतों की गिनती नहीं, बल्कि विश्वास की गिनती है और यह विश्वास चुनाव आयोग की ईमानदारी, पारदर्शिता और सक्रियता पर टिका है। जन-प्रतिनिधित्व कानून, 1950 की धारा 21 चुनाव आयोग को मतदाता सूची तैयार करने और उनको संशोधित करने का अधिकार देती है। मतदाता सूचियों को दुरुस्त करना चुनाव आयोग का संवैधानिक अधिकार ही नहीं, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव की अनिवार्य आवश्यकता भी है। विडंबना यह है कि कुछ दलों को इस आवश्यकता की पूर्ति किया जाना रास नहीं आ रहा है। उन्होंने बिहार में एसआईआर को लेकर आसमान सिर पर उठाया और वोट चोरी के जुमले के सहारे सड़कों पर उतरने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया। मगर उनकी दाल न सुप्रीम कोर्ट के समक्ष गली और न ही बिहार की जनता के बीच तो इसीलिए कि वे कोरा दुष्प्रचार कर रहे थे। ज्ञानेश कुमार की यह पहल केवल तकनीकी संशोधन नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संस्कृति में नवीनीकरण का संदेश है। चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का माध्यम नहीं, बल्कि जनविश्वास की परीक्षा भी है। यदि यह अभियान ईमानदारी और जनसहभागिता के साथ पूरा होता है, तो यह भारत के लोकतंत्र को और परिपक्व बनाएगा। अब जिम्मेदारी केवल चुनाव आयोग की नहीं, बल्कि हर नागरिक और राजनीतिक दल की भी है कि वे इस सुधारात्मक पहल का स्वागत करें और लोकतंत्र के इस महापर्व को निष्कलंक बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाएं।

# बिहार: संघ-भाजपा की बदहवासी

राजेंद्र शर्मा




**जाहिर** है कि महाराष्ट्र के अनुभव के बाद, जहां पूर्व-मुख्यमंत्री शिंदे के नेतृत्व में चुनाव लड़ने के बाद, जीत के बाद भाजपा के संख्याबल के नाम पर फडनवीस को मुख्यमंत्री बना दिया गया और शिंदे को उप-मुख्यमंत्री के पद से ही संतोष करना पड़ा, बिहार में भाजपा के सहयोगी दल और उनके आम समर्थक, यह मानने को तैयार नहीं हैं कि कथित रूप से नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाना और नीतीश कुमार को सत्ताधारी मोर्चे का मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया जाना, एक ही बात है।

बिहार में चुनाव अभियान अपने पूरे जोर पर तो छठ के पर्व के बाद ही आएगा। लेकिन, उससे पहले ही सत्ताधारी भाजपा-जदयू गठजोड़ की और उसमें भी खासतौर पर भाजपा की घबराहट और बदहवासी, साफ-साफ दिखाई देने लगी है। इस बदहवासी का इससे बड़ा संकेतक क्या होगा कि चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद, प्रधानमंत्री मोदी ने जो पहली दो जनसभाएं की हैं, उनमें वह चुनाव प्रचार की किसी व्यवस्थित और मतदाताओं की नजर में गंभीर थीम पर चलने के बजाए, मुद्दों को पकड़ने के लिए जैसे अंधेरे में हाथ मारते नजर आए। इसी का सबूत था कि उस बिहार में, जहां डिजिटल साक्षरता और युवाओं के लिए रोजगार, दोनों का ही स्तर बड़े हिंदीभाषी राज्यों में भी संभवतः सबसे कम है, प्रधानमंत्री युवाओं को "रील्स बनाने" के जरिए कमाई का रास्ता ही नहीं दिखा रहे थे, डॉटा चाय से भी सस्ता करा देने के लिए श्रेय का दावा भी कर रहे थे। और प्रधानमंत्री यह सब तब कर रहे थे जबकि देश की निजी संचार इजारेदारियों ने अपने प्रतिस्पर्द्धियों को बाजार से बाहर करने और दो कंपनियों की लगभग पूर्ण इजारेदारी कायम करने के बाद, पिछले कुछ महीनों में ही डॉटा की दरों में अच्छी-खासी बढ़ोतरी की है।

हैरानी की बात नहीं है कि बिहार की समस्याओं के प्रधानमंत्री के इस डिजिटल-रील आधारित समाधान का सिर्फ विरोधियों द्वारा ही नहीं, आम लोगों द्वारा भी खूब मजाक बनाया जा रहा है। यही नहीं इसने सत्ताधारी गठजोड़ और उसके वास्तविक अगुआ के रूप में भाजपा की, इसकी आलोचनाओं को और धार दे दी है कि उनके पास, बिहार की बेरोजगारी, पलायन और गरीबी का, कोई वास्तविक समाधान ही नहीं है। सभी जानते हैं कि तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन तो इसे शुरू से अपने प्रचार का एक केंद्रीय मुद्दा बनाए ही रहा है, प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी भी इसे ही चुनाव का मुख्य मुद्दा बना रही है। भाजपा के दुर्भाग्य से मोदी के बाद नंबर-2 माने जाने वाले, अमित शाह द्वारा एक समाचार चैनल को दिए गए एक बहुप्रचारित साक्षात्कार में किए गए इस दावे ने इन आलोचनाओं की आग में और तेल डालने का ही काम किया है कि बिहार में उद्योग नहीं लग सकते हैं क्योंकि गुजरात के विपरीत, बिहार में जमीन की कमी है! सवाल पूछा जा रहा है कि क्या विकास की उनकी संकल्पना में बिहार का भविष्य, सस्ते मजदूरों का गुजरात आदि दूसरे राज्यों के लिए निर्यात करने तक ही सीमित है?

अगर प्रधानमंत्री मोदी के प्रचार में यह बदहवासी बिहार के लिए डिजिटल-रील समाधान की ओर उनके लपकने में दिखाई दे रही है, तो उनके नंबर-2 अमित शाह के प्रचार में इस बदहवासी का और दयनीय रूप देखने को मिल रहा है। शाह, अपने से उम्र और राजनीतिक अनुभव में आधे, तेजस्वी यादव का मुकाबला करने के लिए, उनके उठाए मुद्दों की खुल्लमखुल्ला नकल करते नजर आ रहे हैं। ताजातरीन यह कि शाह हाल के अपने बयानों में तेजस्वी का 'पढ़ाई, दवाई, सिंचाईइ आदि का चिर-परिचित नारा, बिना किसी खास बदलाव के कमोबेश ज्यों का त्यों दोहराते देखे गए हैं।

और इस बदहवासी का एक अतिरिक्त कारण यह लगता है कि बिहार की विशेष परिस्थितियों में, जिनमें औपचारिक रूप से नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ने की मजबूरी और नीतीश कुमार की जद-यू का अल्पसंख्यक ों से वोट की उम्मीद पूरी तरह से छोड़ने के लिए तैयार नहीं होना सबसे खास हैं, भाजपा का शीर्ष नेतृत्व खुलकर और व्यवस्थित तरीके से प्रचार की उन बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिक थीमों का प्रयोग नहीं कर पा रहा है, जिनके प्रयोग को पिछले आम चुनाव से उसने अपने प्रचार का मुख्य आधार ही बना रखा था। वास्तव में खुद प्रधानमंत्री की ही अगुआई में, चुनाव से कई महीने पहले भाजपा ने अपनी खास सांप्रदायिक थीम की आजमाइश भी शुरू कर दी थी, जब खुद प्रधानमंत्री ने इससे पहले झारखंड के अपने चुनाव प्रचार की निरंतरता में, "घुसपैठियों" के खतरे का मुद्दा उछाला था और विपक्ष को "घुसपैठियों" का पैरोकार बताकर, निशाने पर लेने की कोशिश की थी। यह प्रधानमंत्री के 15 अगस्त के भाषण के निरंतरता में था, जिसमें घुसपैठ की वजह से जनसांख्यिकी ही बदल जाने का डर दिखाया गया था और इससे निपटने के लिए एक जनसांख्यिकी आयोग के गठन का एलान किया गया था। "आपरेशन सिंदूर" के बाद के दौर में, कथित रूप से बंगलादेशी घुसपैठियों को पकड़ने और देश से बाहर निकालने के नाम पर, खासतौर पर बंगाली मुसलमानों को दिल्ली समेत अनेक भाजपा-शासित राज्यों में चुन-चुनकर निशाना भी बनाया गया था और इसके जरिए आम तौर पर घुसपैठियों के खतरे के प्रचार को और तेज किया गया था। इसी की पृष्ठभूमि में जब बिहार में चुनाव आयोग ने अचानक, मनमाने तरीके से एसआइआर थोपा था, उसके जरूरी होने के लिए खासतौर पर "घुसपैठियों" को मतदाता सूचियों से निकालने की दलील दी गयी थी, जिसका खासतौर पर भाजपा-आरएसएस ने जोर-शोर से अनुमोदन भी किया था। बाद में जब कच्ची मतदाता सूचियों में पेंसठ लाख से ज्यादा मतदाताओं के नाम काट दिए गए, तब भी भाजपा-आरएसएस ने इसी तर्क के सहारे, वोट काटने की इस कसरत का बचाव करने की कोशिश की थी। लेकिन, जब एसआइआर के बाद अंतिम मतदाता सूचियां जारी की गयीं, चुनाव आयोग ने यह बताने से ही इंकार कर दिया कि वास्तव में, घुसपैठियों के रूप में निशानदेही कर के कितने अवैध बंगलादेशी या अन्य विदेशी प्रवासियों के नाम, मतदाता सूची से काटे गए थे। जैसाकि बाद में पत्रकारों तथा अन्य कई विश्लेषणकर्ताओं की छानबीन से साफ हो गया, चुनाव आयोग की यह चुप्पी, ऐसे कोई खास नाम ही नहीं मिलने की वजह से थी। इसने कुल मिलाकर, चुनाव आयोग की ही नहीं, संघ-भाजपा की भी "घुसपैठियों के खतरे" की पूरी कहानी को, कम से कम बिहार के संदर्भ में तो पंचर कर ही दिया। इसके बाद तो बस, बिना किसी बहाने के खुल्लमखुल्ला मुस्लिम-विरोधी दुहाई की ही गुंजाइश बचती थी, जिसके लिए जैसा कि हमने पीछे कहा, बिहार की विशेष राजनीतिक स्थिति इजाजत नहीं देती है। फिर भी, भाजपा की ओर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मुसलमानों को "नमकहराम" घोषित करने और 'इन नमकहरामों के वोट की जरूरत नहीं है' का एलान करने के साथ, अकारण खुल्लमखुल्ला सांप्रदायिक दुहाई का सहारा लिए जाने की शुरूआत भी की थी। इस सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, आदित्यनाथ को प्रचार के लिए लाया भी गया था। लेकिन, शुरूआत में ही यह साफ हो गया कि जदयू के साथ तथा अन्य छोटी गैर-सांप्रदायिक पार्टियों के साथ भी गठबंधन में, संघ-भाजपा द्वारा अपनी इस तुरप का इस तरह इस्तेमाल किया जाना, अन्य पार्टियों को मंजूर नहीं होगा। लिहाजा चुनाव प्रचार के शुरूआती दौर में ही, इन आगलगाऊ प्रचारकों को किनारे लगा दिया गया बताया जाता है। खबरों के अनुसार, आदित्यनाथ के चुनाव प्रचार कार्यक्रमों को प्रचार के बाद के दौर के लिए टाल दिया गया है, जो बाद का दौर शायद अब आए ही नहीं। नतीजा यह कि संघ-भाजपा के खेमे में ऐसी बदहवासी है, जिसका असर उनके नंबर-एक और नंबर-दो तक के प्रचार में दिखाई दे रहा है। फिर भी संघ-भाजपा की बदहवासी की यही एकमात्र वजह नहीं है कि अपना आजमूदा सांप्रदायिक हथियार आजमाने में उनके हाथ बंधे हुए हैं। उनकी बदहवासी की एक और बड़ी वजह यह है कि महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में राजद नेता, तेजस्वी यादव के नाम की घोषणा किए जाने ने, उनके चुनाव बाद के मंसूबों के लिए भी मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। जैसा कि सभी जानते हैं, भाजपा चुनाव के बाद, सरकार बनाने की स्थिति में होने पर भी, नीतीश कुमार को और पांच साल के लिए मुख्यमंत्री पद सौंपने के लिए तैयार नहीं है। इसीलिए, इस बार का चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़े जाने की मजबूरी को स्वीकार करने के बावजूद, भाजपा के शीर्ष नेताओं ने एक बार भी इसका एलान करना मंजूर नहीं किया है कि नीतीश कुमार ही, उनके मोर्चे की ओर से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार हैं। उल्टे खुद अमित शाह ने एक से अधिक मौकों पर यह कहकर मुख्यमंत्री पद की नीतीश कुमार की दावेदारी पर सवालों को हवा ही दी है कि मुख्यमंत्री के नाम का फैसला, चुनाव के बाद निर्वाचित विधायकों द्वारा किया जाएगा। जाहिर है कि महाराष्ट्र के अनुभव के बाद, जहां पूर्व-मुख्यमंत्री शिंदे के नेतृत्व में चुनाव लड़ने के बाद, जीत के बाद भाजपा के संख्याबल के नाम पर फडनवीस को मुख्यमंत्री बना दिया गया और शिंदे को उप-मुख्यमंत्री के पद से ही संतोष करना पड़ा, बिहार में भाजपा के सहयोगी दल और उनके आम समर्थक, यह मानने को तैयार नहीं हैं ।

# नया सैन्य गठजोड़ भारत के लिये चुनौती

-ललित गर्ग-



**हाल** ही में पाकिस्तान समेत संयुक्त अरब अमीरात, कतर और अजरबैजान के बीच बन रहे सैन्य गठजोड़ की खबरें भारत के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। यह घटनाक्रम न केवल दक्षिण एशिया बल्कि मध्य एशिया और खाड़ी क्षेत्र के भू-राजनीतिक समीकरणों को भी प्रभावित कर रहा है। पाकिस्तान लगातार अपनी रक्षा और कूटनीतिक स्थिति को मजबूत करने की दिशा में सक्रिय हुआ है और वह ऐसे देशों से निकटता बढ़ा रहा है जो भारत के रणनीतिक हितों के लिए चुनौती बन सकते हैं। भारत को इस नए उभरते गठजोड़ को केवल एक सामान्य रक्षा समझौते के रूप में नहीं देखना चाहिए, बल्कि इसे एक दीर्घकालिक रणनीतिक प्रयास के रूप में समझना चाहिए, जिसका उद्देश्य पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय स्थिति को सुधारना और भारत पर अप्रत्यक्ष दबाव बनाना है। भारत की विदेश नीति और सुरक्षा के मद्देनजर इस तरह के गठबंधन बड़ी चुनौती के लिहाज देखे जाने चाहिए।

पिछले महीने पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच हुए ऐतिहासिक सैन्य समझौते, जिसके तहत एक देश पर हुआ हमला दूसरे देश पर भी माना जाएगा, की तर्ज पर ही इस सैन्य गठजोड़ का विचार सामने लाया गया है। हालांकि इन चार देशों के बीच अभी कोई औपचारिक समझौता नहीं हुआ है, लेकिन माना जा रहा है कि अगले कुछ महीनों में इसकी घोषणा हो जाएगी। गौरतलब है कि तुर्किये, पाकिस्तान और अजरबैजान का त्रिपक्षीय गठबंधन, जिसे थ्री ब्रदर्स के नाम से जाना जाता है, एक मजबूत सैन्य साझेदारी का रूप ले चुका इसके अतिरिक्त, इस्लामिक मिलिट्री काउंटर टेररिज्म कोएलिशन (आईएमसीटीसी) भी है, जिसका संस्थापक सऊदी अरब है और जिसमें चालीस से अधिक सदस्य देश शामिल हैं। इन देशों के बीच सैन्य अभ्यास, हथियार सौदे और कश्मीर जैसे मुद्दों पर इनका स्वाभाविक सामूहिक रुख भारत के लिए चिंता का विषय रहा है। इससे पाकिस्तान अपनी कुचालों का जायज ठहराने एवं अपनी रक्षा की गुहार लगाते हुए भारत पर दबाव बनाना चाहता है। नहीं भूलना चाहिए कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद जब भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया, तब ज्यादातर मुस्लिम देशों ने तटस्थ रुख अपनाया था, लेकिन तुर्किये और अजरबैजान दो ऐसे मुल्क थे, जो पूरी तरह से पाकिस्तान के समर्थन में खड़े थे। दरअसल, तुर्किये के राष्ट्रपति तैयब अर्दोआन की इस्लामिक दुनिया के मॉडर्न खलीफा बनने की सनक का पाकिस्तान समर्थन करता है, इसी वजह से तुर्किये ने संयुक्त राष्ट्र में भी कश्मीर पर पाकिस्तान के रुख का खुला समर्थन किया है।

सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हुआ हालिया रक्षा समझौता इस बात का संकेत है कि पाकिस्तान अब अपनी सुरक्षा रणनीति को क्षेत्रीय स्तर पर फैलाने में सफल हो रहा है। यह समझौता इस सिद्धांत पर आधारित है कि अगर किसी एक देश पर हमला होता है तो दोनों की संयुक्त प्रतिक्रिया होगी। यह बात भारत के लिए सीधे तौर पर खतरे की घंटी है क्योंकि इससे पाकिस्तान को रक्षा सहायता, प्रशिक्षण, संसाधन और राजनीतिक समर्थन प्राप्त हो सकता है। इसी तरह पाकिस्तान अजरबैजान, यूएई और कतर जैसे देशों के साथ भी अपने संबंधों को मजबूत करने में जुटा है। इन देशों के साथ पाकिस्तान का यह बढ़ता सामरिक सहयोग उसके लिए आर्थिक और तकनीकी लाभ भी लेकर आ सकता है, जिससे भारत के लिए क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखना कठिन हो सकता है। भारत को इन परिस्थितियों में अपनी विदेश नीति को अधिक सशक्त और लचीला बनाना होगा। अब वह समय बीत चुका है जब भारत केवल पारंपरिक प्रतिद्वंद्विता और सीमित क्षेत्रीय चिंताओं के आधार पर नीति बनाता था। आज की दुनिया में भू-राजनीति बहुस्तरीय हो चुकी है, जहां आर्थिक संबंध, तकनीकी साझेदारी और रक्षा सहयोग एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। भारत को चाहिए कि वह अपने खाड़ी देशों से संबंधों को और सुदृढ़ करे। यूएई और सऊदी अरब जैसे देशों के साथ भारत के आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध पहले से ही मजबूत हैं, पर उन्हें रक्षा सहयोग के स्तर पर भी विस्तारित करने की जरूरत है। भारत यदि इन देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी बढ़ाता है तो पाकिस्तान को क्षेत्रीय स्तर पर अलग-थलग करने में मदद मिल सकती है।

साथ ही भारत को यह भी समझना होगा कि पाकिस्तान केवल सैन्य ताकत पर नहीं, बल्कि कूटनीतिक चालों और मीडिया नैरेटिव के माध्यम से भी अपनी स्थिति को मजबूत करने का प्रयास कर रहा है। ऐसे में भारत को न केवल रक्षा मोर्चे पर बल्कि कूटनीतिक और सूचनात्मक मोर्चे पर भी सक्रिय रहना होगा। भारत की नीति प्रतिक्रियात्मक न होकर सक्रिय, दूरगामी और अग्रदर्शी होनी चाहिए। भारत को यह दिखाना होगा कि वह केवल अपनी सीमाओं की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक शांति का भी एक भरोसेमंद संरक्षक है। भारत ही दुनिया से आतंकवाद को समाप्त करने की मुहिम छेड़े हुए है। भारत के लिए यह भी जरूरी है कि वह अपने मित्र देशों के साथ सामूहिक सुरक्षा दृष्टिकोण विकसित करे। जिस तरह अमेरिका और यूरोपीय संघ सामूहिक रक्षा नीति पर चलते हैं, उसी तरह भारत को भी इंडो-पैसिफिक क्षेत्र, एसोसिएशन ऑफ साउथइस्ट ऐशियन नेशनस -देशों और मध्य पूर्व में सहयोगी नेटवर्क को सुदृढ़ करना चाहिए। यह केवल सैन्य दृष्टि से नहीं बल्कि कूटनीतिक और आर्थिक दृष्टि से भी भारत की स्थिति को मजबूत करेगा।

पाकिस्तान की नई विदेश नीति की दिशा साफ है- वह भारत को घेरने की कोशिश कर रहा है।

# जिले में मतदाता सूची का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण, हर वोटर की पहचान होगी पक्की

- राजनीतिक दलों के साथ बैठक
- बूथ लेवल एजेंट्स की भूमिका अहम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रभारी जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सभी राष्ट्रीय और राज्यीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में प्रभारी जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मतदाता सूची का अद्यतन, अर्ह मतदाताओं का नाम शामिल करना, अनर्ह मतदाताओं को हटाना और सभी प्रविष्टियों की त्रुटियों का शुद्धिकरण एसआईआर का मुख्य उद्देश्य है।

बैठक में विशेष रूप से बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलए) की नियुक्ति पर जोर दिया गया। सभी राजनीतिक दलों को निर्देश दिया गया कि वे प्रत्येक मतदेय स्थल पर अपने बीएलए की सूची तुरंत जिला निर्वाचन अधिकारी को उपलब्ध कराएँ। बीएलए घर-घर सर्वेक्षण करेंगे, ड्राफ्ट मतदाता सूची का अवलोकन करेंगे और आवश्यक सुधारों की पहचान करेंगे। आयोग ने बीएलए की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आवेदन की सीमा और सत्यापन प्रक्रिया भी स्पष्ट की। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी स्वामीनाथ, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और अपना दल एश के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रभारी जिलाधिकारी ने सभी दलों से अपील की कि निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में सक्रिय सहयोग सुनिश्चित करें, ताकि 07 फरवरी 2026 तक अंतिम प्रकाशन तक कोई त्रुटि या अनिर्धारित नाम न रह जाए।



बैठक में मौजूद अधिकारीगण

## यूपी बोर्ड के फार्म में हाईस्कूल-इंटर छात्र 5 नवम्बर तक कर सकते हैं संशोधन

**चित्रकूट।** जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में शामिल होने वाले छात्रों के शैक्षिक विवरणों में सुधार का अंतिम मौका दिया गया है। परिषद की वेबसाइट यूपीएमएसपी पर 28 अक्टूबर से 5 नवम्बर 2025 की मध्यरात्रि 12 बजे तक संशोधन किए जा सकेंगे। इस अवधि में छात्र-छात्राओं के नाम, जन्मतिथि, विषय, फोटो, लिंग, जाति, व अभिभावकों के नाम जैसी त्रुटियों को स्कूल स्तर पर अपडेट किया जा सकेगा। डीआईओएस ने सभी प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि निर्धारित समय में वेबसाइट पर लॉगइन कर आवश्यक सुधार अवश्य करा दें, क्योंकि इसके बाद किसी भी प्रकार का अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

## जिले के विकास कार्यो पर प्रभारी मंत्री मन्नू लाल ने ली समीक्षा बैठक, नहीं पाई कोई खामी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राज्य मंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार एवं जनपद प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक ने चित्रकूट के सभी अधिकारियों की नींद उड़ा दी। कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न इस बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष, जिला कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, पुलिस अधीक्षक सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

प्रभारी मंत्री ने बैठक में विकास कार्यों की ए, बी, सी ग्रेडिंग और प्राथमिकताओं की समीक्षा करते हुए सख्त निर्देश दिए कि किसी भी विभाग की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जो अधिकारी सरकारी योजनाओं को सही समय पर और गुणवत्ता के अनुरूप लागू नहीं करेंगे, उनके खिलाफ मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कार्यवाही कराई जाएगी। अतिरिक्त ऊर्जा, उद्यान, कृषि, ग्रामीण विकास, सड़क निर्माण, स्वास्थ्य, दुग्ध विकास, जल जीवन मिशन, पंचायत, पर्यटन, वनीकरण, शिक्षा, पशुपालन, महिला-बाल विकास, कौशल विकास और श्रम योजनाओं सहित सभी विभागों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन के निर्देश दिए गए। मंत्री ने सड़कों, नहरों, तालाबों की खुदाई, सरकारी चिकित्सालयों, गौशालाओं और दिव्यांग जन उपकरण वितरण सहित सभी कार्यों की व्यापक गुणवत्ता जांच कराई जाने की भी बात कही। पुलिस अधीक्षक को कानून व्यवस्था की पूरी रिपोर्ट प्रस्तुत करने और सरकार के निदेर्शों के अनुसार समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रभारी मंत्री ने साफ कहा कि विकास कार्य केवल कागजों तक सीमित नहीं रहेंगे, उनका लाभ जनपद के गरीब और वंचित जनता तक पहुंचना अनिवार्य है। समस्त अधिकारियों ने बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुपालन का आश्वासन दिया।

## गोपाष्टमी पर चित्रकूट में गौ माता का पूजन, श्रद्धालुओं ने किया आशीर्वाद अर्जन

**चित्रकूट।** पूज्य संत रणछोड़ दास महाराज की प्रेरणा से संचालित गौ सेवा केंद्र में गोपाष्टमी के पावन अवसर पर गौ माता का पूजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। संचालिका श्रीमती उषा बी जैन व मिलोनी बेन सहित भारतभर से आए भक्तों ने गौ माता की आराधना कर पुण्य कमाया। 1998 में सेठ अरविंदभाई मफतलाल की प्रेरणा से स्थापित यह गौशाला आज 1200 से अधिक गौमाताओं की सेवा का केंद्र बन चुकी है। केंद्र में चारा-भूसा, चिकित्सीय सुविधाएँ और डिजिटल पंजीयन की आधुनिक व्यवस्था उपलब्ध है। पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने गौ माता की परिक्रमा कर आशीर्वाद लिया और गौ माता की जय के जयघोष से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा।

# 2015 घोटाले के आरोपी के इर्द गिर्द नजर आए नवागंतुक डीएम पुलकित गर्ग, ग्रहण किया चार्ज

- इत्तेफाक है या इशारा?
- कोषागार बना चर्चा का केंद्र

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में प्रशासनिक हलचल के बीच नए जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया, लेकिन चार्ज ग्रहण का यह औपचारिक क्षण चर्चा और सवालों के घेरे में आ गया। पूर्व जिलाधिकारी शिवशरण जीएन के ट्रांसफर के बाद नए डीएम का कोषागार पहुंचना एक सामान्य प्रक्रिया थी, पर यह क्षण सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो गया। दिलचस्प रहा कि चार्ज ग्रहण के दौरान डीएम पुलकित गर्ग के आसपास 2015 के चर्चित कोषागार घोटाले में आरोपी रहे चेहरे नजर आए, जिनकी मौजूदगी ने अचानक पूरे माहौल को सियासी और प्रशासनिक बहस में बदल दिया।

याद रहे, 2015 के कोषागार घोटाले में 86 लाख रुपये के हेरफेर का खुलासा हुआ था और कई कर्मचारियों पर आरोप साबित होने के बाद उन्होंने सरकार को रकम वापस भी की थी। यही वजह है कि अब जब जिले में 43 करोड़ रुपये के एक और संभावित वित्तीय घोटाले की चर्चा गरम है, तब नए जिलाधिकारी का ऐसे पुराने आरोपी के बीच नजर आना अपने आप में बड़ा सवाल खड़ा करता है। क्या यह संयोग था या संकेत? क्या डीएम साहब का ऐसे लोगों के बीच दिखना पुराने नेटवर्क की वापसी का इशारा है? क्या यह संभव है कि 43 करोड का घोटाला हो जाए और उसी कार्यालय के पुराने आरोपी पर आंच भी न आए? बताते चलें आम जनता पर भारी रोष है कि कुछ अधिकारियों पर 43 करोड घोटाले पर एफआईआर हुई और कुछ कैसे बच गए?

पुलकित गर्ग ने कहा कि शासन की जनक ल्याणकारी योजनाओं को पारदर्शिता और तत्परता से लागू करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को टीम भावना से काम करने और विकास योजनाओं की नियमित समीक्षा का निर्देश दिया। इस मौके पर सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम वित्त उमेश चंद्र निगम, एडीएम न्यायिक अरुण कुमार, एडीएम नमामि गंगे स्वप्निल यादव, एसडीएम, कोषाधिकारी समेत अन्य मौजूद रहे। फिलहाल, सवाल यही है क्या चित्रकूट में नया डीएम पुराने साए से मुक्त होकर नई पारदर्शिता की राह खोलेगा या इतिहास खुद को दोहराने जा रहा है?



कोषागार में चार्ज लेते नवागंतुक डीएम

# ठेकेदार की मनमानी व ढुलमुल नीति से 32 करोड़ की सीवरेज परियोजना अधर में, सीएम मोहन को लिखा पत्र

**योजना का वादा बना सिर्फ अफवाह, एक साल से फंसीं योजना, जनता बेहाल**

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** 32 करोड़ रुपये की लागत से मध्य प्रदेश क्षेत्र में चल रही चित्रकूट सीवरेज योजना अब एक साल से अधिक समय से अधर में लटकी हुई है। अक्टूबर 2024 तक इसे पूरा करने का लक्ष्य था, लेकिन ठेकेदार की मनमानी और ढुलमुल नीति के चलते योजना आधी-अधूरी पड़ी है। बुंदेली सेना ने इस गंभीर मामला को लेकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र भेजकर जांच और त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

बुंदेली सेना ने बताया कि इस योजना के माध्यम से नयागाँव से कामतन तक 5,000 से अधिक घरों, प्रतिष्ठानों, मठ और मंदिरों को सीवरेज से जोड़कर मंदाकिनी नदी में जा रही गंदगी को सीधे ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचाना था, ताकि नदी प्रदूषण मुक्त हो। शुरूआत में क्षेत्रीय लोग उत्साहित थे, लेकिन ठेकेदार की मनमानी और कार्य की धीमी गति ने लोगों में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। योजना के तहत भरतघाट में नया पम्पिंग हाऊस बनना है, लेकिन घरों में कनेक्शन बमुश्किल 1,500 के आसपास ही बने हैं। युद्ध स्तर पर काम शुरू भी होता है तो उसे पूरा होने में कम से कम छह महीने लगेंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार झूठी तारीखें दी जा रही हैं और हर बार नई तारीखों का हवाला देकर जनता को गुमराह किया जा रहा है। बुंदेली सेना ने जोर देकर कहा है कि अब सीवरेज योजना भगवान भरोसे नहीं, बल्कि नियमानुसार और त्वरित तरीके से पूरी होनी चाहिए, ताकि मंदाकिनी नदी प्रदूषण मुक्त हो और शहरवासियों को स्वच्छ जल और स्वच्छता का अधिकार मिल सके।



32 करोड़ का सीवरेज प्लांट

# भूतपूर्व सैनिक की जमीन पर कब्जा राजापुर में जमीन विवाद बना तूल

- संक्रमणीय भूमि पर अवैध कब्जा
- प्रशासन पर ग्रामीणों का सवाल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजापुर तहसील के ग्राम भभेंट में भूतपूर्व सैनिक रामबहोरी द्विवेदी ने सनसनीखेज आरोप लगाया है कि उनकी संक्रमणीय भूमि (गाटा संख्या 1439) पर कुछ दबंग लोग अवैध कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह भूमि विवाद 14 साल पुरानी रजिस्ट्री से जुड़ा हुआ है और न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि विरोधी पक्ष लगातार दबाव और धमकी दे रहा है, और शासन-प्रशासन खुलेआम निष्क्रिय बने हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विवाद बढ़ने की स्थिति में अप्रिय घटनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने प्रशासन से तत्काल और निष्पक्ष हस्तक्षेप की मांग की है ताकि मामला कानूनी प्रक्रिया के तहत हल हो। प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि यह मामला संज्ञान में है और राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा जांच जारी है। वहीं स्थानीय लोग चेतावनी दे रहे हैं कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो विवाद हिंसक मोड़ ले सकता है। इस सनसनीखेज आरोप ने पूरे क्षेत्र में चिंता और गहमागहमी बढ़ा दी है।



पीड़ित भूतपूर्व सैनिक

# सुशील श्रीवास्तव की पीआईएल निर्णीत, हाईकोर्ट ने अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया- पालिका अध्यक्ष को मिली राहत

**केवल अधिकारियों की गलती**

**चित्रकूट।** नगर पालिका कोषागार घोटाले में दायर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (पीआईएल) नं. 2454/2025 में हाईकोर्ट ने बुधवार को सुशील कुमार श्रीवास्तव की याचिका खारिज कर दी। याचिका में दावा किया गया था कि नगर पालिका अध्यक्ष की जवाबदेही तय नहीं की गई और घोटाले में उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। सुनवाई में न्यायालय ने स्पष्ट किया कि त्रि-सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट में केवल नरेन्द्र मोहन मिश्रा (कार्यकारी अधिकारी), सुरेन्द्र कुमार मिश्रा (अतिरिक्त अभियंता) और पुरूषोत्तम प्रसाद (खाता क्लर्क) की गलती पाई गई। नरेन्द्र मोहन मिश्रा के खिलाफ कार्रवाई की गई, जबकि सुरेन्द्र कुमार मिश्रा के लिए सिविल सर्विस नियमावली की धारा 351-। के तहत अनुमति मांगी गई। पुरूषोत्तम प्रसाद, जो पहले ही निधन हो चुके हैं, के खिलाफ कोई कार्रवाई संभव नहीं थी। हाईकोर्ट ने कहा कि अध्यक्ष केवल पद के आधार पर दोषी नहीं ठहराया जा सकता, जब तक उनके खिलाफ विशेष साक्ष्य या जांच निष्कर्ष न हों। याचिका निरस्त करते हुए न्यायालय ने अधिकारियों को जांच में तेजी और पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया। इस आदेश से नगर पालिका अध्यक्ष को राहत मिली है, जबकि घोटाले में नामजद अधिकारी अभी भी न्यायिक प्रक्रिया के दायरे में हैं। हाईकोर्ट के इस फैसले ने यह संदेश स्पष्ट कर दिया कि प्रशासनिक पद होने का मतलब दोषारोपण के लिए पर्याप्त नहीं है, बल्कि साक्ष्यों और जांच निष्कर्षों के आधार पर ही कार्रवाई की जा सकती है।

**पूर्व सभासद ने उठाए सवाल, बोले आगे अपील करुंगा**

पूर्व सांसद सुशील श्रीवास्तव ने सवाल उठाया कि नगर पालिका में एक रुपये तक की निकासी भी नगर पालिका अध्यक्ष की अनुमति के बिना संभव नहीं, तो फिर अध्यक्ष को निर्दोष कैसे ठहराया गया? आरोप लगाया कि तत्कालीन जिलाधिकारी ने जानबूझकर लगातार रिमाइंडर भेजकर प्रक्रिया में देरी करवाई और अधिकारियों ने समय से जवाब नहीं दिया। वही अधिकारी हाईकोर्ट के जवाब के लिए तुरंत आ गए, जिससे जांच प्रभावित हुई। सुशील श्रीवास्तव ने यह भी आरोप लगया कि नगर पालिका अध्यक्ष से लेकर पूरी प्रशासनिक व्यवस्था तक ने मिलकर उसे बचाने की साजिश रची। कहा कि इस मामले में वह आगे अपील करेंगे।

## बलात्कार व अपहरण के वांछित आरोपी शंकर को मऊ पुलिस ने दबोचा

**मऊ/चित्रकूट।** वांछित/ वारंट आरोपियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत मऊ पुलिस ने एक संगीन अपराध का पदार्फाश किया है। 27 मार्च 2024 को एक वादिया ने थाना मऊ में सूचना दी कि उसकी बहन शंकर पुत्र धर्मराज के साथ दोपहिया वाहन में घर से चली गई, जिसमें उसके पास बिछुवाचांदी 500 ग्राम, पायल चांदी 250 ग्राम, तीन लाकेट और सोने का कान का सुई-धागा था। सूचना पर मुकदमा धारा 363, 506 भादवि दर्ज किया गया। दौराने विवेचना आरोपी के खिलाफ धारा 366ए और 376 भादवि भी जोड़ी गई। 29 अक्टूबर 2025 को दारोगा अनिल कुमार और उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त शंकर प्रसाद पटेल को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया। गिरफ्तार टीम में आरक्षी प्रकाश मिश्रा भी शामिल थे।




# बरगढ़ रामलीला- धनुष यज्ञ व परशुराम-लक्ष्मण संवाद ने भाव विभोर किया पंडाल

**अखंड भारत संदेश**

**बरगढ़/चित्रकूट।** मंगलवार रात्रि को श्री प्राण नाथ परानू बाबा रामलीला मंडली के मंचन ने पूरे पंडाल को भक्ति और रोमांच के संगम में डुबो दिया। धनुष यज्ञ और परशुराम-लक्ष्मण संवाद के दौरान दर्शक भाव विभोर हो गए। सीता स्वयंवर में श्रीराम द्वारा शिवधनुष तोड़े जाने पर उठे जय श्री राम के जयकारों ने पंडाल को भक्ति-मय कर दिया। खासकर परशुराम और लक्ष्मण के बीच तीखे और व्यंग्यपूर्ण संवादों ने दर्शकों को रोमांचित कर मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों के जीवंत अभिनय, संवाद और संगीत ने रामलीला को अत्यधिक सफल बनाया।

देर रात तक दर्शकों की भीड़ डटी रही और उन्होंने कलाकारों की तारीफों के पुल बांधे। इसके पश्चात बुधवार को भगवान राम की भव्य बारात निकाली गई। ढोल, नगाड़ों और डीजे की थाप पर बाराती नाचते-गाते हुए राम-सीता के विवाह स्थल पहुँचे। लोगों ने पुष्प वर्षा और आरती के साथ बारात का स्वागत किया। इस आयोजन ने धार्मिक भक्ति के साथ-साथ सामाजिक एकता का भी संदेश दिया, जिसमें सभी समुदायों के लोग शामिल हुए। राम-सीता का विवाह विधिवत संपन्न हुआ, जिसमें प्रधान शैलेश शुक्ला, श्याम नारायण शुक्ला, पद्म भूषण द्विवेदी, राम कुमार पाण्डेय, अक्का केसरवानी, मोहन केसरवानी, रवि पाण्डेयसमेत अन्य मौजूद रहे।

# 43 करोड़ के कोषागार घोटाले में बड़ी कार्रवाई पेंशनरों की धांधली फेल- 15 गए जेल

**विशेष अदालत ने भेजा न्यायिक रिमांड पर**

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के इतिहास के सबसे बड़े कोषागार घोटाले में पुलिस ने बुधवार को भारी कार्रवाई करते हुए 20 पेंशनरों से पूछताछ की और उनके मेडिकल परीक्षण के बाद जेल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी। यह घोटाला कुछ दिन पहले उजागर हुआ, जिसमें करीब 43 करोड़ रुपए के दुरुपयोग का मामला सामने आया। अब तक पुलिस ने लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की रिकवरी कर ली है, लेकिन बाकी राशि की खोज जारी है।

मंगलवार को इस घोटाले के 15 नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। रात में ही उनका मेडिकल परीक्षण कर विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। सूत्रों का कहना है कि करीब दस दिन पहले कोतवाली में इस घोटाले में 97 लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, लेकिन शुरूआती दिनों में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई थी। इसी दौरान एक नामजद आरोपी की मृत्यु भी हो गई। गिरफ्तार किए गए पेंशनरों में शामिल हैं मिथलेश उर्फ भोला, अमृतलाल, राम शिरोमणि, गौरेंद्र शिवहरे, मोहनलाल, जगतनारायण त्रिपाठी, धनपति देवी, दुर्गा प्रसाद, कमला देवी, ओम प्रकाश, संतोष कुमार मिश्रा, रामरतन, लक्ष्मी देवी, मोहनलाल (द्वितीय) और जवाहर लाल। इन सभी का मेडिकल परीक्षण कर सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया।




पेंशनरों को रिमांड में लेते पुलिस

## पेंशनरों को सत्यापन हेतु कोषागार में हाजिरी अनिवार्य- एक माह का अल्टीमेटम

**चित्रकूट।** कोषागार चित्रकूट ने पेंशनर्स और पारिवारिक पेंशनर्स के लिए सख्त अलर्ट जारी किया है। कोषागार के अनुसार कुछ खातों में अनियमित भुगतान और फर्जी पेंशनर पाए जाने के कारण अब सभी को जीवित प्रमाण-पत्र, नवीनतम कलर फोटो, बैंक पासबुक की मूल प्रति, आधार की छायाप्रति और पेंशनर परिचय पत्र के साथ एक माह के भीतर कोषागार में उपस्थित होना अनिवार्य कर दिया गया है। जो वयोवृद्ध या अस्वस्थ पेंशनर घर से नहीं आ सकते, वे प्रार्थना पत्र के माध्यम से सत्यापन घर पर करवा सकते हैं। ऑनलाइन सुविधा भी उपलब्ध है। इस कदम का उद्देश्य है कि सभी पेंशनरों के खाते सत्यापित हों और किसी भी फर्जी भुगतान को रोका जा सके, ताकि वास्तविक लाभार्थियों तक पेंशन का वितरण सुरक्षित और निष्पक्ष ढंग से पहुंच सके।

## गठरी बाँध चुके थे साहब, आदेश आते ही उड़ गए चित्रकूट से- जनता बोली, अच्छा हुआ चले गए

**चर्चा चरम पर, जनता ने सुनाई खरी-खरी**

**चित्रकूट।** कश्ती किनारे लगने से पहले ही साहब उतर गए, चित्रकूट की गलियों में अब उनके किस्से बिखर गए। सोशल मीडिया पर इन दिनों चित्रकूट के तत्कालीन डीएम की विदाई चर्चा का सबसे गर्म विषय बनी हुई है। जैसे ही तबादले का आदेश पहुँचा, वैसा दृश्य शायद ही कभी देखा गया हो। डीएम ने एक मिनट में कुर्सी छोड़ी और अगले ही पल सिद्धार्थनगर रवाना होकर वहाँ कार्यभार संभाल लिया। कहा जा रहा है कि साहब ने तो जैसे पहले से ही गठरी बाँध रखी थी- आदेश आते ही बस निकलना था।

एक दौर था जब यही डीएम साहब कभी गंगा आरती में परिवार संग नजर आते थे, तो कभी मंदिरों में दर्शन देते हुए। मगर अब वही साहब सोशल मीडिया पर आलोचना के केंद्र बन गए हैं। जनता के बीच राय बंटी नहीं- बल्कि एकमत थी। किसी ने कहा चित्रकूट के सबसे कमजोर डीएम, तो किसी ने तंज कसा - राजनीतिक आकाओं के आज्ञाकारी सेवक। कुछ लोगों ने तो यहाँ तक कह डाला कि भ्रष्टाचार के दलदल में यह प्रशासन सबसे नीचे तक फँस गया था। जनता का कहना है कि चाहे बस स्टैंड विवाद हो, सफेदपोश माफियाओं का बोलबाला हो या भ्रष्टाचार के अनगिनत प्रकरण- तत्कालीन डीएम हर मोर्चे पर कमजोर साबित हुए। लोग कहते हैं कि साहब को आम नागरिक की समस्याओं से ज्यादा रुचि सांस्कृतिक कार्यक्रमों और नाच-गाने में थी। अब जब साहब चले गए हैं, तो गलियों में बस यही आवाज गूँज रही है- जो चले गए, वही भले हुए। अब शायद चित्रकूट में कोई नयी सुबह उगे।

# 7 एकदम नए और सुंदर प्लेन... ट्रंप ने जंग के दौरान ऐसा क्या देखा? तुरंत पीएम मोदी को फोन घुमाया

**अमेरिका**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बीते कुछ दिनों से अपनी एशिया की यात्रा पर हैं। ट्रंप की एशिया यात्रा का अगला पड़ाव जापान है जहां उन्होंने नई प्रधानमंत्री से गर्मजोशी के साथ मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने एक विमानवाहक पोत पर अमेरिकी सैनिकों से बातचीत की। इस दौरान टोक्यो में ट्रंप अपने फेवरेट टॉपिक से कहा पीछे रहने वाले थे। नोबल प्राइज से इस बार चुके वाले ट्रंप ने उम्मीद पर दुनिया कायम है वाले संयम को लिए भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध को रुकवाने का एक बार फिर क्रेडिट लिया है। ट्रंप ने बताया कि जंग के दौरान उन्होंने ऐसा क्या देख लिया था, जिसके बाद तुरंत पीएम मोदी को फोन घुमा दिया था?



ट्रंप ने बताया कि भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान 7 एकदम नए और सुंदर प्लेन गिरा दिए गए थे। उन्होंने दावा किया जिसके बाद उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री मोदी और पाकिस्तान के फील्ड मार्शल को कॉल किया था और जंग रोकने के लिए कहा था। वैसे ये कोई पहली बार नहीं है जब ट्रंप ने ऐसा दावा किया हो। इससे पहले भी कई दफा वो भारत पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाने का क्रेडिट लेने की कोशिश कर चुके हैं।

हालांकि भारत की तरफ से हर बार इसका खंडन किया गया है। भारत लगातार यह कहता रहा है कि पाकिस्तान के साथ युद्ध विराम पर सहमति दोनों सेनाओं के सैन्य संचालन महानिदेशकों के बीच सीधी बातचीत के बाद बनी।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, जिन्होंने कम से कम सात अंतरराष्ट्रीय संघर्षों को सुलझाने का दावा किया है, लंबे समय से नोबल पीस पुरस्कार के लिए लालायित थे और कई बार उन्होंने खुले तौर पर इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को पाने की इच्छा भी व्यक्त की।

# आप ले तो ठीक, हमल लें तो...मीटिंग में मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ा, अपने जवाब से पीयूष गोयल ने ब्रिटेन-जर्मनी को रूला दिया

**जर्मनी**

**जर्मनी** के बर्लिन में हुई एक अंतरराष्ट्रीय बैठक में सैकड़ों कैमरों के सामने भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की उपस्थिति होती है। उनके सामने अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोप के बड़े नेताओं की मौजूदगी होती है। तभी पीयूष गोयल के एक बयान से पूरा हॉल खामोश हो जाता है। उन्होंने साफ कहा कि माथे पर बंदूक रखकर हम काम नहीं करते। एक पल के लिए सबके चेहरे खामोश हो जाते हैं। ये महज एक जवाब भर नहीं था बल्कि भारत का सख्त रूख भी था। जो किसी दबाव में नहीं झुकता। अब पीयूष गोयल ने बर्लिन ग्लोबल डॉयलाग में अमेरिका और ब्रिटेन की बोलती बंद कर दी है। उन्होंने साफ किया कि आप तेल लो तो ठीक और हम ले तो ये कैसे खराब हो गया। गोयल की बात सुन पश्चिमी देश सन्न रह गए।



जब से ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति बने हैं तभी से तेल का खेल जारी है। ट्रंप इस समय दादा की भूमिका में हैं। उनके सहयोगी तेल लेंगे तो ठीक है लेकिन अगर कोई दूसरा ऐसा करेगा तो वो नाराज हो जाते हैं। इसका कारण अमेरिका की अपने लोगों के लिए सॉफ्ट नीति और दूसरों के लिए कड़ी नीती। चीन पर टैरिफ नहीं लगाएंगे क्योंकि वो तोकरारा जवाब देता है। इसलिए ट्रंप टैरिफ के लिए टाइम बढ़ा देते हैं और चाहते हैं कि बातचीत चलती रहे। लेकिन भारत पर बयान देना और टैरिफ लगाना हो तो ट्रंप बिना कुछ भी सोचे बोल देते हैं और टैरिफ भी लगा देते हैं। लेकिन भारत भी अमेरिका की गीदड़भभकी से अब डरने वाला नहीं है। जैसे अमेरिका चल रहा है। भारत भी वैसे ही चल रहा है।

# पुतिन के भारत आने से पहले ही चीन-पाकिस्तान-अमेरिका सभी के कान खड़े

**चीन**

**जब** आसामान में बादशाहत की जंग छिड़े और चीन व पाकिस्तान अपनी ताकत के झूठे दावे करने लगे। उस वक्त भारत ऐसा दांव चलता है जो पूरा खेल ही पलट देता है। अगर ये सौदा हकीकत में उतर गया तो भारतीय वायु सेना की ताकत सौ गुणा बढ़ जाएगी। सुखोई एसयू 57 यानी रूस का सुपर हंटर जेट की बात हम कर रहे हैं। खबर है कि भारत और रूस के बीच 84 एसयू 57 की डील लगभग फाइनल स्टेज में पहुंच चुकी है। यानी की अब वो घड़ी करीब है जब भारत के स्कावर्डन में आसमान के नए योद्धा शामिल होंगे। लेकिन ये सिर्फ एक डील नहीं बल्कि भारत की नई रणनीति और एक ऐसा मास्टरस्ट्रोक जो चीन व पाकिस्तान दोनों के वॉर रूम में सन्नाटा फैला देंगे। साल 2018 में भारत ने इसी प्रोजेक्ट यानी कि एफजीएफए यानी फिफ्थ जेनरेशन एयरक्रॉफ्ट से हाथ खींच लिया था। लेकिन तब इसमें कुछ तकनीकी सीमाएं थी। इंजन, स्टील्थ और मेंटेनेंस के मुद्दे थे।

पिछले सात साल में रूस ने अपने हंटर को ऐसा अपग्रेड किया कि ये दुनिया के सबसे घातक फाइटर्स में गिना जाता है। एसयू 57 को नाटो पैलन नाम देता है। अब अपने नाम के मुताबिक ये सच में दुश्मनों का सबसे बड़ा डर बन चुका है। रूस ने भारत को 84 र४-57 स्टील्थ फाइटर जेट्स की पेशकश की है और सूत्रों के मुताबिक इस डील पर बातचीत लगभग फाइनल स्टेज में पहुंच चुकी है। इन विमानों की पहली दो स्क्वाड्रन रूस से सीधे भारत को मिलेंगी,



जबकि बाकी तीन से पांच स्क्वाड्रन का निर्माण हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा भारत में किया जाएगा।

एफ-35 की बात करें तो, अमेरिका का अपना स्टील्थ लड़ाकू विमान भी पूरी तरह से समस्यामुक्त नहीं रहा है। लॉकहीड मार्टिन के लाइटनिंग क्क को लागत में बढ़ोतरी, तकनीकी समस्याओं और परिचालन संबंधी सीमाओं का सामना करना पड़ा है। इस कार्यक्रम की विकास लागत बढ़कर इतिहास की सबसे महंगी सैन्य परियोजनाओं में से एक बन गई। शुरूआती ऋ35 विमानों में व्यापक सुधार की आवश्यकता थी, जेट में ऑक्सीजन प्रणाली की समस्याएँ थीं, और इसकी बंदूक की सटीकता संबंधी समस्याओं को हल करने में वर्षों लग गए। मुद्दा यह नहीं है कि र४-57 क्षमता में ऋ35 के बराबर है, अधिकांश विश्लेषक इस बात से सहमत नहीं हैं, बल्कि यह है कि उन्नत स्टील्थ लड़ाकू विमान विकसित करना संयुक्त राज्य अमेरिका सहित सभी के लिए बेहद कठिन है।

# रूस-भारत ने की ऐसी डील, अमेरिका-यूरोप में हड़कंप,क्या है HAL का नया धमाका



**फ्रांस**

**याद** कीजिए वो दौर जब आसमान में उड़ने वाले हर विमान पर मेड इन यूएसए मेड इन फ्रांस लिखा होता था। लेकिन अब वो वक्त बदल चुका है क्योंकि अब आसमान में गूंजने जा रहा मेड इन इंडिया की दहाड़। जी हां, आज भारत ने वो कर दिखाया जिसकी कल्पना तक किसी ने नहीं की थी। भारत अब खुद यात्री विमान बनाएगा वो भी भारत में। अब वो सपना साकार होने जा रहा है जिसने पूरे भारत को गर्व से भर दिया। हिंदुस्तान एयररोनॉटिक्स लिमिटेड यानी एचएएल और हमारे सबसे भरोसेमंद सहयोगी रूस की यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉरपोरेशन यानी कि यूएईसी ने मिलकर बड़ा ऐलान कर दिया। यह साझेदारी सिर्फ एक समझौता नहीं यह भारत रूस की अटूट दोस्ती की नई उड़ान है और यह सुनकर पाकिस्तान और अमेरिका दोनों के होश उड़ गए हैं।

**1988 के बाद भारत में निर्मित होने वाला पहला यात्री विमान**

एचएएल ने कहा कि एसजे-100 परियोजना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी क्योंकि 1988 में समाप्त हुई एवरो एचएस-748 परियोजना के बाद यह पहली बार है

जब भारत में एक पूर्ण यात्री विमान का निर्माण किया जाएगा। कंपनी ने एसजे-100 को सरकार की उड़ान योजना के तहत छोटी दूरी की कनेक्टिविटी के लिए एक संभावित गेम-चेंजर बताया। इस समझौते के तहत, एचएएल को भारतीय ग्राहकों के लिए एसजे-100 के निर्माण का अधिकार प्राप्त होगा, जिससे छोटे शहरों में क्षेत्रीय हवाई संपर्क में सुधार के लक्ष्य में योगदान मिलेगा।

**एसजे-100 विमान**

एसजे-100 एक दो इंजन वाला, संकीर्ण शरीर वाला विमान है जिसे छोटी दूरी की उड़ानों के लिए डिजाइन किया गया है।

# रूस के तेल डिपो पर यूक्रेन का ड्रोन अटैक, दहशत में पुतिन



**रूस**

**यूक्रेन** के खारकीव में रूस का विनाशक हमला देखने को मिला है। खारकीव में ग्लाइड बम से स्ट्राइक से दहशत मच गई है। कीव और खारकीव में जो हमला हुआ हैरान करने वाली तस्वीरें आपके सामने आई। लेकिन इसी के साथ यूक्रेन ने काउंटर अटैक करते हुए रूस की इनफेंट्री पर विनाशक हमला कर दिया। बताया जा रहा है यहां पर कई रशियन सोल्जर्स थे। फ्रांस के एएसएम हैमर ग्लाइड बम से दहला दिया गया है। यूक्रेनी विशेष बलों ने कहा कि उनके ड्रोन ने कब्जे वाले लुहांस्क क्षेत्र में एक रूसी ईंधन डिपो पर हमला किया। यूक्रेनी विशेष बलों ने कहा कि ईंधन डिपो और तेल बेस रूस की अग्रिम पंक्ति को आपूर्ति करते थे। उन्होंने कहा कि जब टैंक भरे हुए थे, तब ड्रोन ने हमला किया, जिससे विस्फोट और भी तेज हो गया। सामने आई तस्वीरों में नाइट-विजन में ईंधन टैंकरों पर कई ड्रोन हमले दिखाई दे रहे हैं। शुरूआती हमलों के बाद आग की लपटें दिखाई दे रही हैं। यूक्रेन की वायु सेना ने कहा कि रूस ने नौ मिसाइलें और 62 ड्रोन दागे, जिनमें से चार मिसाइलें और 50 ड्रोन को रोक दिया गया। रूस में रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणालियों ने रात भर में रूस के ऊपर 121 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि वह व्लादिमीर पुतिन के साथ तब तक कोई बातचीत नहीं करेंगे जब तक यह स्पष्ट न हो जाए कि रूसी नेता यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए कोई समझौता करने को लेकर गंभीर हैं।

# बॉर्डर पर उतरे 30000 सैनिक, अफगानिस्तान को धमकी देते ही भारत ने मचाया ऐसा धमाल, पाकिस्तान में हड़कंप

**अरब सागर**

**भारत** ने 30 अक्टूबर से लेकर 10 नवंबर तक चलने वाली एक ट्राई सर्विस मिलिट्री एक्सरसाइज की घोषणा कर दी है। जिसका नाम है त्रिशूल। इसमें भारतीय आर्मी, नेवी और एयरफोर्स तीनों मिलकर हिस्सा ले रहे हैं। यानी जमीन, आसमान और समुंदर तीनों मोर्चों पर एक साथ भारत अपनी ताकत दिखाने जा रहा। यह एक्सरसाइज राजस्थान के जैसलमेर के रेगिस्तान से होकर गुजरात के कक्ष और अरब सागर तक फैली हुई। कुल इलाका करीब 600 कि.मी. लंबा स्ट्रेच है। रेगिस्तान, दलदली जमीन और समुद्री क्षेत्र तीनों तरह के टेरेन में एक साथ अभ्यास। रिपोर्ट के मुताबिक इस बार करीब 3,000 सैनिक इस एक्सरसाइज में शामिल होंगे।



यह कोई रूटीन ट्रेनिंग नहीं। यह भारत की अब तक की सबसे बड़ी जॉइंट मिलिट्री एक्सरसाइज मानी जा रही। आर्मी के टैंक और आर्टिलरी यूनिट्स, एयरफोर्स की सुखोई और राफेल फाइटर जेट्स और नेवी की वॉरशिप सबको एक साथ जोड़कर कंबाइंड ऑपरेशन किया जाएगा।

# समुंदर में मारे गए अमेरिकी विमान पर जो चीन ने कहा, हिल गए ट्रंप

**अमेरिका**

**जो** अमेरिका दुनिया में अपने ताकतवर हथियारों के लिए जाना जाता है। जिसके चलते वो दुनियाभर के देशों को सबसे ज्यादा हथियार बेचता है। लेकिन अब उसी अमेरिका के लिए ऐसी बुरी खबर सामने आई है, जिसने सभी को चौंका दिया है। अमेरिकी नौसेना का एक हेलीकॉप्टर अचानक समुद्र में गिर गया। दरअसल, दक्षिण चीन सागर में एक घटना घटती है और बैक टू बैक यानी कि 30 मिनट के अंतराल में पहले उसका एक हेलीकॉप्टर यानी कि अमेरिकी नौसेना का एक हेलीकॉप्टर गिरता है और फिर एक लड़ाकू विमान क्रैश करता है। पांच लोग इसके शिकार होते हैं लेकिन उन्हें रेस्क्यू करके बचा लिया जाता है। लेकिन जिस तरह से एक के बाद एक ये हादसा पेश आया आधे घंटे के अंतराल में यानी कि 30 मिनट के अंतराल में वो क्यों हुआ है और क्या दक्षिण चीन सागर में चीन कोई गेम कर रहा है? दुनिया के तमाम देश ऐसा नहीं मानते हैं। दक्षिण चीन सागर पर 90% अधिपत्य के दावे को कोई भी मान्यता नहीं है। चाइना कहता है कि यह उसका है। लेकिन दुनिया के दूसरे देश कहते हैं कि यह पूरा का पूरा तुम्हारा नहीं है और यह अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग है।

सबसे बड़ी बात यह है कि 26 अक्टूबर को जिस तरह से यह दुर्घटना हुई है उसने सबको यह हैरान कर दिया। करियर स्ट्राइक ग्रुप 11 की खोज और बचाव टीम ने तेजी से कारवाई की। तीनों क्रू मेंबर को बचाया गया। इसके ठीक 30 मिनट के अंतराल में दोपहर 3:15 पर 26 अक्टूबर फाइटिंग रेड क्रॉस स्क्वाड्रन 22 का एक ऋअ 18ऋसुपर



हॉर्नेट फाइटर जेट भी उसी पोत से उड़ान भरता है और समुद्र में गिर गया। इस जेट में सवार दोनों पायलट समय रहते पैराशूट से बाहर निकलने में सफल रहे। बाद में उन्हें भी सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। अमेरिकी नौसेना का कहना है कि सभी पांच कर्मियों की हालत स्थिर है। उन्हें चिकित्सय जांच के लिए भेजा गया। दोनों हादसों के कारणों की जांच फिलहाल चल रही है। अब यह घटना ऐसे वक्त में हुई इसकी टाइमिंग भी कई तरह के सवालों के घेरे में है। क्योंकि यह घटना ऐसे वक्त में हुई जब अमेरिका दक्षिण चीन सागर में अपनी उपस्थिति को लेकर लगातार सक्रिय है। नौसेना ने कहा है कि सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत सभी ऑपरेशनों की समीक्षा की जाएगी ताकि भविष्य में ऐसे हादसे ना हो।

लेकिन अब पूरे मामले पर चीन का ऐसा रिएक्शन सामने आया है जो अमेरिका को चौंका रहा है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकून ने प्रेस कॉनफ्रेंस में कहा है कि ये हादसा सैन्य हादसा सैन्य अभ्यास के दौरान हुआ है। चीन ने कहा है कि मानवीय मदद की जरूरत पड़े तो वो तैयार है। हालांकि दोनों विमानों के क्रू मेंबर्स का रेस्क्यू कर लिया गया था। लेकिन चीन ने जो बात कही है वो शायद ही किसी को हजम हो।

# भारत पहुंचे इस शख्स को देख कई देश हुए पागल, सऊदी तो फट से पाक संग अपनी डिफेंस डील करेगा कैंसिल!

**सऊदी**

**भारत** पहुंचे इस शख्स ने कई देशों को पागल कर दिया है। भारत के कई दुश्मन देशों को उम्मीद नहीं थी कि वह इस तरह की तस्वीर देखेंगे। लेकिन तेजी से बदलते समीकरणों के चलते आज इस ताकतवर शख्स का भारत में रेड कारपेट वेलकम किया गया है। पाकिस्तान, तुर्की, अजरबैजान और कुछ हद तक सऊदी अरब अच्छा महसूस नहीं कर रहे होंगे क्योंकि दुनिया के सबसे ताकतवर मुस्लिम देशों में से एक संयुक्त अरब अमीरात की लैंड फोर्सेस के कमांडर मेजर जनरल यूसुफ सईद अचानक भारत पहुंच गए। नई दिल्ली के साउथ लॉन में उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, जो उनकी भारत की आधिकारिक यात्रा का शुभारंभ था। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी इस समारोह में उपस्थित थे।

हल्लामी 27 और 28 अक्टूबर तक भारत की दो दिवसीय यात्रा पर हैं, जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय सैन्य सहयोग को मजबूत करना और प्रशिक्षण, क्षमता संवर्धन तथा रक्षा प्रौद्योगिकी में सहयोग के नए क्षेत्रों की खोज करना है। यह यात्रा भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच बढ़ती रणनीतिक साझेदारी, विशेष रूप से रक्षा और क्षेत्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में पर प्रकाश डालती है। दरअसल संयुक्त अरब अमीरात की सेना के कमांडर का भारत आना कितनी बड़ी और असामान्य घटना है उसे समझने के लिए आपको पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच हुई डिफेंस डील को दिमाग में रखना होगा। क्योंकि सऊदी अरब का पड़ोसी और मिडिल ईस्ट में सऊदी अरब का सबसे



बड़ा प्रतिद्वंदी संयुक्त अरब अमीरात भारत से बहुत बड़ी डिफेंस डील करने पहुंचा है। भारत ने एक ही झटके में पाकिस्तान और सऊदी अरब की डिफेंस डील को बर्बाद कर दिया है। संयुक्त अरब अमीरात के कमांडर को भारत में देख सऊदी अरब पाकिस्तान के साथ की गई डील को ठंडे बस्ते में डाल देगा। पाकिस्तान के चक्कर में सऊदी अरब ना तो भारत से पंगा लेगा और ना ही अपने पड़ोसी और प्रतिद्वंदी संयुक्त अरब अमीरात से। वैसे सऊदी अरब पछता रहा होगा कि उसकी सेना को ट्रेनिंग पाकिस्तान की आर्मी देगी।

अपने कार्यक्रमों के एक भाग के रूप में अतिथि कमांडर को ऑपरेशन सिंदूर का अवलोकन कराया गया और सूचना प्रणाली महानिदेशक तथा सेना डिजाइन ब्यूरो से भारत की रक्षा क्षमताओं और भारतीय सेना के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रोडमैप पर जानकारी प्राप्त की। मेजर जनरल अल हल्लामी भारत के शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। बाद में वह रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (अफ्ळ्ड) मुख्यालय जाएँगे, जहाँ उन्हें विभिन्न स्वदेशी हथियार प्रणालियों और उपकरणों के बारे में जानकारी दी जाएगी। रक्षा प्रौद्योगिकी सहयोग के अवसरों पर चर्चा करने के लिए उनके रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और अफ्ळ्ड के अध्यक्ष समीर वी. कामत से भी मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा, यूएई कमांडर संयुक्त परियोजनाओं और साझेदारियों की संभावनाओं का पता लगाने के लिए भारतीय रक्षा उद्योगों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करेंगे।

रक्षा मंत्रालय के प्रेस वक्तव्य के अनुसार, यह यात्रा यूएई और भारत के बीच रक्षा सहयोग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह पहले से ही मजबूत रक्षा संबंधों को और मजबूत करेगी, जिससे सैन्य जुड़ाव और क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग में एक मजबूत, भविष्य के लिए तैयार साझेदारी का मार्ग प्रशस्त होगा।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा